CNews सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-266
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार

आग वो नहीं जो जलाए, आग वो है जो राह दिखाए।

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

इंदौर, मंगलवार 31 दिसम्बर 2024

विधायकों से बोले सीएम- अगले पांच साल का मास्टर प्लान बनाएं

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को समत्व भवन में रीवा, शहडोल, ग्वालियर और चंबल संभाग की समीक्षा बैठक ली। सीएम बैठक में भोपाल से वर्चुअली जुड़े। उन्होंने विधायकों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र का पांच साल का मास्टर प्लान बनाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक जनता के कार्यों को प्राथमिकता दें और विकास कार्य समय पर पूरे करें, ताकि योजनाबद्ध तरीके से क्षेत्र का विकास हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता देती है और सभी विभागों को समयबद्ध तरीके से जनता को सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध किया गया है। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनता तक सरकार की जनकल्याण योजनाओं को पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से काम करें। इसके तहत 'आपकी सरकार, आपके द्वार' अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विधायक और अधिकारी घर-घर जाकर इसका अवलोकन करें।

बोरवेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कलेक्टरों चेतावनी ग्वालियर संभाग में लंबित कार्यों की समीक्षा करते हुए, मुख्यमंत्री ने ग्वालियर की जेसी मिल्स के मजदूरों का लंबित भुगतान तुरंत करने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने बोरवेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कलेक्टरों को कड़ी चेतावनी दी और कहा कि कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्रामीण या शहरी क्षेत्र में ट्यूबवेल खुले नहीं रहना चाहिए। ट्यूबवेल खुले रखना प्रतिबंधित है। ऐसे मामलों में जानकारी मिलते ही क्षेत्र के थाने में जानकारी दी जाए। ऐसी लापरवाही पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नागरिकों को भी असमय वर्षा, शीत आदि से बचाव के लिए सावधानियां बरतने का आग्रह किया है।

गौ-अभयारण्य की जगह गौ-वंश विहार स्थापित करें गौ-अभयारण्य के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ-वंश के लिए गौ-वंश विहार स्थापित किया जाएगा और

उसकी उचित देखभाल सुनिश्चित की जाएगी, क्योंकि गौ-वंश वन में निवास नहीं करता। गौ-वंश के लिए चारे की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। नगर पालिका एवं नगर निगम अपनी-अपनी सीमा क्षेत्र में छोटी गौ-शालाओं का समुचित प्रबंधन करें।

आठ जनवरी की बैठक में रखें अपनी मांगें इसके अलावा मुख्यमंत्री ने ग्वालियर संभाग के जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न मांगें रखे जाने पर उन्हें बताया कि ग्वालियर संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल 8 जनवरी 2025 को ग्वालियर में बैठक करेंगे। सभी जनप्रतिनिधि इन्हें लिखित में अपना मांग-पत्र सौंप दें। सभी की मांगों पर विचार कर सरकार समुचित निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि अब संभागस्तरीय बैठकों में वित्त विभाग के संभागीय अधिकारी भी शामिल होंगे। यह अधिकारी विकास कार्यों के वित्तीय मामलों में अपनी बात और सुझाव रख सकेंगे।

आर्थिक रूप से कमजोर किसानों के लिए घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बदलते मौसम के मद्देनजर किसानों सहित सभी नागरिकों से पर्याप्त सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मौसम में बदलाव आ चुका है और इसके परिणामस्वरूप किसानों की फसलों को नुकसान होने की आशंका है। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि किसानों को धान उपार्जन के लिए अतिरिक्त समय देंगे और ऐसे छोटे किसान जिनकी फसलों का उपार्जन नहीं हो पाता और वे अपने स्तर से फसल बेच देते हैं उन्हें प्रति हैक्टेयर राशि प्रदान करने अथवा बोनस के संबंध में आवश्यक सहायता के लिए शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और प्रदेश में मौसम में बदलाव के कारण किसानों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इस समय प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति के प्रावधानों के अनुसार किसानों को राहत राशि दी जाएगी। सीएम ने कहा कि किसानों के किसी भी संकट में सरकार संवेदनशील होकर उनके साथ खड़ी है।

तालिबानियों ने बोला धावा तो मिलिट्री बेस छोड़ भाग गए पाकिस्तानी सैनिक

इस्लामाबाद। पाकिस्तान और अफगानिस्तान की तालिबान हुकूमत के खिलाफ चल रहे भयंकर तनाव के बीच तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों ने पाकिस्तानी सैन्य अड्डे पर कब्जा कर लिया है। चौकी से पाकिस्तानी सैनिक भाग खड़े हुए। रिपोर्ट के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा के बाजौर जिले में एक सैन्य अड्डे पर आतंकियों ने टीटीपी झंडा लहराया और जमकर जश्न मनाया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया गया है। वीडियो में आतंकी हथियार लहराकर नाचते हुए देखे जा सकते हैं। बीते दिनों पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में एयर स्ट्राइक करके टीटीपी आतंकियों के ठिकानों पर धावा बोला था और 15 से ज्यादा आतंकियों को मार डाला था। तालिबान ने तब दावा किया था कि पाकिस्तानी हमले में 46 से ज्यादा लोग मारे गए। तालिबान ने जवाबी हमले की चेतावनी भी दी थी। काबूल फ्रंटलाइन ने अपने सोशल मीडिया पेज पर टीटीपी आतंकियों के जश्न का वीडियो शेयर किया है। वीडियो के साथ बताया गया है कि टीटीपी ने बाजौर के सालारजई क्षेत्र में सैन्य अड्डे पर कब्जा कर लिया है। रिपोर्टों के मुताबिक, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के लड़ाकों ने खैबर पख्तूनख्वा के बाजौर जिले में स्थित सालारजई में एक सैन्य अड्डे पर कब्जा कर लिया है। हाल के हफ्तों में खैबर पख्तूनख्वा में सैन्य बलों पर हमले बढ़े हैं।

20 जनवरी को शपथ से पहले ट्रंप को झटका यौन शोषण मामले में अपील खारिज

वॉशिंगटन। अमेरिका में जो बाइडन के बाद डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने की तैयारी कर रहे हैं। 20 जनवरी, 2024 को उन्हें शपथ लेनी है। इससे पहले उन्होंने संघीय अपील अदालत से झटका लगा है। कोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने खुद को दोषमुक्त करार देने की अपील की थी। अपील खारिज होने के बाद ट्रंप पर 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना बरकरार रहेगा। इसके अलावा अपीलीय अदालत ने उन्हें यौन शोषण मामले में भी दोषमुक्त करार देने से इनकार कर दिया। समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक जिस मामले में ट्रंप की अपील खारिज हुई है यह 1990 के दशक का है। जूरी ने ट्रंप को 90 के दशक के मध्य में उच्चस्तरीय डिपार्टमेंट स्टोर के ड्रेसिंग रूम में कॉलम लिखने वाली महिला का यौन शोषण करने का दोषी पाया है। रिपोर्ट के मुताबिक द्वितीय अमेरिकी सर्किट अपीलीय कोर्ट ने कहा कि मैनहट्टन की जूरी का फैसला नहीं पलटा जाएगा। ई. जीन कैरोल की मानहानि और उनके साथ यौन दुर्व्यवहार के लिए ट्रंप को पांच मिलियन डॉलर जुर्माना देना होगा। बता दें कि कॉलम लिखने वाली इस पीड़िता ने 2023 में एक मुकदमे के दौरान गवाही दी थी।

2024 का अंत भी शानदार... इसरो ने अंतरिक्ष में फिर कर दिखाया कारनामा, स्पैडेक्स की सफल लॉन्चिंग करने वाला चौथा देश बना भारत

भारत ने रखी अंतरिक्ष स्टेशन की 'नींव'!

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को श्रीहरिकोटा से सोमवार रात 10बजे एक पीएसएलवी रॉकेट के जरिये अपने स्पैडेक्स मिशन (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट) को लॉन्च किया। इसरो इसे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है। माना जा रहा है कि इसरो के इस मिशन की सफलता ही भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) के बनने और चंद्रयान-4 मिशन की सफलता को तय करेगा। यही वजह है कि इस लॉन्चिंग को बेहद अहम माना जा रहा है। इस मिशन में दो सैटेलाइट हैं. पहला चेसर और दूसरा टारगेट। चेसर सैटेलाइट टारगेट को पकड़ेगा। उससे डॉकिंग करेगा। इसके अलावा इसमें एक महत्वपूर्ण टेस्ट और हो सकता है। सैटेलाइट से एक रोबोटिक आर्म निकले हैं, जो हुक के जरिये यानी टेथर्ड तरीके से टारगेट को अपनी ओर खींचेगा। यह टारगेट अलग क्यूबसैट हो सकता है। इस प्रयोग से भविष्य में इसरो को ऑर्बिट छोड़ अलग दिशा में जा रहे सैटेलाइट को वापस कक्षा में लाने की तकनीक मिल जाएगी। साथ ही ऑर्बिट में सर्विसिंग और रीफ्यूलिंग का ऑप्शन भी खुल जाएगा। स्पैडेक्स मिशन में दो अलग-अलग स्पेसक्राफ्ट को अंतरिक्ष में जोड़कर दिखाया जाएगा। इस मिशन के साथ भारत फिर कमाल करने की तैयारी में है। इसरो ने इस साल की शुरुआत अंतरिक्ष में एक्सरे किरणों का अध्ययन करने वाले मिशन एक्सपोसेट की लॉन्चिंग के साथ की थी। इसके कुछ ही दिनों बाद अपने पहले सूर्य मिशन आदित्य में कामयाबी हासिल की। अब वर्ष का अंत भी भारत ऐसे मिशन की लॉन्चिंग के साथ किया है, जो अंतरिक्ष में देश के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को अपने बलबूते हासिल करने के लिए बेहद जरूरी है। इन लक्ष्यों में चंद्रमा से नमूने लाना, और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का निर्माण



शामिल है।

इस तरह हुई लॉन्चिंग लॉन्च वाहन में 24 प्रयोग भी किए गए। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 220 किलोग्राम वजनी दो उपग्रहों के साथ ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान को सफलता से लॉन्च किया गया। इससे पहले, पृथ्वी के ऊपर एक ही कक्षा में अन्य उपग्रहों से टकराव से बचने के लिए प्रक्षेपण में केवल दो मिनट की देरी की गई थी। इसरो ने स्पेस की कक्षा में अंतरिक्ष यान की डॉकिंग और अनडॉकिंग का प्रदर्शन करने के लिए श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से दो उपग्रहों को सफलता से प्रक्षेपित किया।

अमेरिका, चीन और रूस के पास ही है यह तकनीक इसरो ने बताया कि यह तकनीक तब जरूरी होती है जब एक ही मिशन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए कई रॉकेट लॉन्च की जरूरत पड़ती है। अगर यह मिशन सफल होता है, तो भारत दुनिया का चौथा देश बन जाएगा, जो इस तकनीक को हासिल कर चुका है। अब तक अमेरिका, चीन और रूस के पास ही ये तकनीक है।

कम लागत वाला तकनीकी मिशन स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट) मिशन इसरो का कम लागत वाला तकनीकी मिशन है। इसका उद्देश्य पीएसएलवी रॉकेट की मदद से अंतरिक्ष में दो छोटे यानों के डॉकिंग और अनडॉकिंग की प्रक्रिया को पूरा करना है। इसरो के अनुसार यह तकनीक भारत के भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों जैसे चांद पर इंसानी मिशन, चंद्रमा से नमूने लाना, और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएसए) के निर्माण और संचालन के लिए बेहद अहम है।

चंद्रयान-4 और स्पेस स्टेशन के लिए अहम चंद्रयान-4 के लिए अंतरिक्ष में डॉकिंग बहुत जरूरी तकनीक है। डॉकिंग मतलब दो अलग-अलग हिस्सों को एक-दूसरे की तरफ लाकर उसे जोड़ना। अंतरिक्ष में दो अलग-अलग चीजों को जोड़ने की यह तकनीक ही भारत को अपना स्पेस स्टेशन बनाने में मदद करेगी। साथ ही चंद्रयान-4 प्रोजेक्ट में भी हेल्प करेगी। स्पैडेक्स यानी एक ही सैटेलाइट के दो हिस्से जिन्हें एक ही रॉकेट में रखकर लॉन्च किया गया है। स्पेस डॉकिंग तकनीक का तात्पर्य अंतरिक्ष में दो अंतरिक्ष यानों को जोड़ने की तकनीक से है। यह एक ऐसी तकनीक है जिसकी सहायता से मानव को एक अंतरिक्ष यान से दूसरे अंतरिक्ष यान में भेज पाना संभव होता है।

महाकुंभ के लिए रेलवे ने दी बड़ी राहत

अनारक्षित रेल टिकट 15 दिन पहले खरीद सकेंगे

नई दिल्ली। प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ के लिए रेलवे ने यात्रियों को बड़ी राहत दी है। पहली बार श्रद्धालु अनारक्षित टिकट 15 दिन पहले बुक कर सकेंगे। अब तक अनारक्षित टिकट तीन दिन पहले तक ही लिए जा सकते हैं। वहीं, टिकट कैंसिल करने की समयसीमा को भी तीन घंटे से बढ़ाकर छह घंटे कर दिया गया है। यानि श्रद्धालु टिकट लेने के छह घंटे के भीतर उसे कैंसिल कराकर रिफंड ले सकेंगे।महाकुंभ के दौरान एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रेलवे ने विशेष तैयारियां की हैं। उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे ने मिलकर 45 दिनों में कुल 13,234 ट्रेनें चलाने की योजना बनाई है। इनमें 1800 छोटी दूरी, 700 लंबी दूरी और 560 रिंग रेल सेवाएं शामिल हैं। उत्तर मध्य रेलवे के जीएम उपेंद्र चंद्र जोशी ने सोमवार को महाकुम्भ की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डीआरएम हिमांशु बडोनी, आईजी आरपीएफ एएन सिन्हा समेत अन्य अफसर मौजूद रहे। जीएम ने बताया कि 2019 के कुम्भ में अधिकतम श्रद्धालु प्रयागराज जंक्शन से यात्रा के लिए पहुंचे थे। आंकड़ों के मुताबिक करीब 45-50 प्रतिशत यात्रियों ने प्रयागराज जंक्शन से, 18 प्रतिशत ने फाफामऊ, 12 प्रतिशत ने झूंसी और 20 प्रतिशत ने अन्य स्टेशनों से यात्रा की थी। इस बार इन आंकड़ों के आधार पर व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया गया है। रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए 18 हजार अतिरिक्त फोर्स और 116 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित सुरक्षा तंत्र लगाए हैं। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी होगी और संदिग्धों की पहचान के लिए एआई फोटो पहचान प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। 2019 में 11 यात्री आश्रय थे जिसे बढ़ाकर अब 28 कर दिया गया। इनमें एक साथ 1.3 लाख श्रद्धालुओं को ठहरने की सुविधा देंगे। भीड़ बढ़ने पर खुसरोबाग में पहली बार 50 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था की गई है।

सी-वोटर का सर्वे...अंबेडकर विवाद से इंडिया गठबंधन मिलेगा फायदा

नई दिल्ली। संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान के कथित अपमान पर पिछले दो हफ्ते से देशभर में हो हल्ला है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग कर रहे हैं और भाजपा को अंबेडकर का अपमान करने को लेकर दोषी ठहरा रही है। वहीं भाजपा कांग्रेस पर हमलावर है और अंबेडकर का अपमान करने का दोषी ठहरा रही है। इस बीच, सी-वोटर ने एक सर्वे किया है, जिसके नतीजे चौंकाने वाले हैं क्योंकि जिन लोगों से ये सवाल पूछे गए वे कन्फ्यूज हैं। आज तक पर प्रसारित सर्वे के नतीजों के मुताबिक 30.4 फीसदी लोगों का मानना है कि केंद्र की सत्तासीन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को अंबेडकर विवाद से फायदा मिल सकता है,जबकि 31.3 फीसदी लोगों का मानना है कि इस विवाद से इंडिया गठबंधन को फायदा मिल सकता है। इससे इतर 14.3 फीसदी लोगों का मानना है कि दोनों गठबंधनों को इस विवाद को उठाने से फायदा मिल सकता है।

दिल्ली चुनाव में आम आदमी पार्टी को मिलेगा फायदा सी-वोटर ने जब दिल्ली विधानसभा चुनावों में अंबेडकर विवाद पर सियासी लाभ-हानि का सर्वे किया तो उससे पता चला कि इस विवाद से सबसे ज्यादा आम आदमी पार्टी को फायदा होगा। सर्वे के मुताबिक आप को 26.5 फीसदी, जबकि कांग्रेस को 15.9 फीसदी और भाजपा को 22 फीसदी फायदा हो सकता है। सी-वोटर ने फोन कॉल के जरिए 20 से 21 दिसंबर के बीच ये सर्वे किए थे। इस सर्वे में कुल 1228 लोगों ने हिस्सा लिया था। बता दें कि आंबेडकर विवाद के जरिए सभी दल दलित वोटों पर नजरें गड़ाए हुए हैं।

वाम दलों ने किया विरोध प्रदर्शन इस बीच, वाम दलों ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर पर अमित शाह की टिप्पणी के खिलाफ सोमवार को यहां जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), भारतीय कम्युनिट पार्टी (माले) लिबरेशन, रिवॉल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) और कुछ अन्य दलों के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान शाह के खिलाफ नारे लगाए और कहा कि उन्हें इस्तीफा देना चाहिए या फिर हटाया जाना चाहिए। यह प्रदर्शन केंद्रीय स्तर पर वाम दलों द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी आंदोलन का हिस्सा था।

इंदौर में 60वीं बार ग्रीन कॉरिडोर... कारोबारी के दोनों हाथ, किडनी, लिवर, आंखें, स्किन दान

सिटी चीफ इंदौर।
इंदौर। इंदौर में सोमवार को साठवां ग्रीन कारिडोर बना। दो हाथ औ लीवर 12 मिनिट में शैल्बी अस्पताल से एयरपोर्ट पहुंचे। दूसरा ग्रीन कॉरिडोर शैल्बी अस्पताल से चोइथराम अस्पताल तक के लिए बना। यहां किडनी और स्कीन भेजी गई। एक अंगदान के कारण चार लोगों को नई जिंदगी मिली। इंदौर निवासी सुरेंद्र पोरवाल शैल्बी अस्पताल में भर्ती थे। उनका ब्रेन भी डेथ हो गया था। परिजनों ने अगंदान की इच्छा जताई। इसके बाद मुस्कान ग्रुप के सेवादार जीतू बगानी और संदीपन आर्य ने परिजनों से संपर्क किया और अंगदान प्रत्यारोपण की प्रक्रिया शुरू हुई। तय नियमों के तहत ब्रेन डेथ की घोषणा की गई।

इसके बाद अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया शुरू हुई। शाम 6.25 मिनट पर ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। 12 मिनट में विशेष बाक्स में एम्बुलैंस से दोनो हाथ और लीवर को मुबंई के एक अस्पताल में भेजा गया। एयरपोर्ट पर पहले से चार्टर प्लेन और डाक्टरों की टीम तैयार बैठी थी। अब रात को आपरेशन कर अंग प्रत्यारोपण किया जाएगा। किडनी के लिए इंदौर में ही ग्रीन कॉरिडोर बने। वहां भी दस मिनट के भीतर अंग पहुंच गए। पोरवाल के अंगों को शैल्बी अस्पताल में नम आंखों से परिजनों ने विदाई थी। ट्रैफिक पुलिस ने तय रुट पर ग्रीन कॉरिडोर बनाकर ट्रैफिक रुकवाया और अंगों को रवाना किया। शाम के समय मार्गों पर यातायात का दबाव रहता है, लेकिन

वाहन चालकों ने भी राह दी। आपको बता दें कि इंदौर में अब तक 60 बार ग्रीन कॉरिडोर बन चुके हैं। देश में अंगदान में भी इंदौर पहले स्थान पर है। इतने ग्रीन कॉरिडोर अन्य किसी शहर में नहीं बने।

पत्नी और बेटों ने जताई सहमति
पोरवाल परिवार का टाइल्स का कारोबार है। शैल्बी हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट डॉ. विवेक जोशी ने बताया कि करीब दो साल पहले उन्हें ब्रेन संबंधी तकलीफ के चलते एडमिट किया गया था। फिर वे पूरी तरह ठीक हो गए थे। 23 दिसंबर को फिर उन्हें पेट में तकलीफ को लेकर एडमिट किया गया था। यहां उनके पेट की सर्जरी हुई। फिर कुछ दिनों बाद उनकी हालत बिगड़ी और वे कोमा में चले गए। इसके बाद रविवार को डॉ. अचल अग्रवाल ने पोरवाल के परिजन को ब्रेन डेड की आशंका जताई। इस दौरान उनकी पत्नी नूतन पोरवाल, पुत्र धवल व नकुल ने अंगदान पर सहमति जताई।

पत्नी को हो रहा पति पर गर्व
सुरेंद्र पोरवाल की पत्नी नूतन के आंसू नहीं रूक रहे हैं। भाई प्रवीण जैन उन्हें सांत्वना देते दिखे। नूतन ने अंगदान की सहमति देकर कहा कि उनकी सोच शुरू से सेवाभाव की थी। उनकी इच्छा थी कि कुछ अच्छा करूं। आज वे इस दुनिया में नहीं है लेकिन परिवार ने उनकी इच्छा पूरी की है। मुझे पति पर गर्व है। रविवार को परिवार ने अंगदान के लिए सहमति दी। इसके बाद सुरेंद्र पोरवाल के अंगदान के लिए ग्रीन कॉरिडोर की तैयारियां की गई। सोमवार 6.25 बजे पोरवाल के दोनों हाथ ग्लोबल हॉस्पिटल (मुंबई), लिवर जुपिटर विशेष हॉस्पिटल (मुंबई), लिवर हैदराबाद के केडी हॉस्पिटल, एक किडनी चोइथराम हॉस्पिटल और दूसरी किडनी राजश्री अपोलो हॉस्पिटल इंदौर के लिए शाम करीब 6.25 बजे रवाना कर दी गई।

जहां ये सारे अंग ट्रांसप्लांट किए जा रहे हैं। इसके साथ ही उनके नेत्र एमके इंटरनेशनल आई बैंक और त्वचा चोइथराम स्किन बैंक को डोनेट की गई। परिवार ने लंग्स भी डोनेट करने की मंशा जाहिर की लेकिन टेक्निकल दिक्कत होने से यह नहीं हो सका।

परिवार और रिश्तेदारों का सपोर्ट मिला
पोरवाल के बेटे धवल ने बताया कि पिता हमेशा कहते थे कि ऐसा कुछ किया जाए तो सभी याद रखें। उनकी यह बातें मेरे जेहन में थी। फिर परिवार और रिश्तेदारों को हमने उनके अंग डोनेट की मंशा जाहिर की तो उनका भी पूरा सपोर्ट मिला। पिछले साल रिश्तेदार विमला खजांची को ब्रेनडेड किया गया था। परिवार ने उनका एक हाथ भी डोनेट किया था जो मुंबई के मरीज को ट्रांसप्लांट हुआ था। यही याद कर हम अंगदान के लिए आगे आए।

सुभाष मार्ग चौड़ीकरण की कवायद तेज डरे हुए रहवासी पहुंचे महापौर के पास

सिटी चीफ इंदौर।
इंदौर। तुमने मुझ पर भरोसा किया...अब में तुम्हें भरोसा दिलाता हूं ...जो भी करेंगे आपको विश्वास में लेकर करेंगे...तबाही रोकेंगे, अधिक नुकसानी नहीं होने देंगे...। यह कहना है महापौर पुष्यमित्र भार्गव का। उन्होंने यह बात सुभाष मार्ग रहवासियों के एक प्रतिनिधि मंडल से चर्चा में कहीं। दरअसल नगर निगम सुभाष मार्ग चौड़ीकरण की योजना पर काम कर रहा है। 50 फीट चौड़ी इस सड़क को निगम 100 फीट चौड़ी बनाना चाहता है जबकि रहवासी चाहते हैं कि सड़क 80 फीट चौड़ी की जाए। इसको लेकर लंबे समय से रहवासी तरह तरह से प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से लेकर महापौर, दोनों विधायक ओर विभागीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तक हर एक चौखट पर सिर रगड़ अपना आशियाना घर दुकान कुछ थोड़ा बचाने की जद्दोजहद में लगे हैं। संभावित तबाही से डरे एक परिवार ने तो सामूहिक इच्छामृत्यु अनुमति की मांग प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से की है। रहवासियों ने कई तरह के तर्क भी प्रस्तुत किए। रहवासियों का कहना है कि सुभाष मार्ग चौड़ीकरण की योजना से करीब 50 मकान 75 प्रतिशत तक खत्म होंगे। कुल साढ़े चार सौ घर और 1200 दुकानें तोडफोड़ से प्रभावित होंगी। यहां 25 प्रतिशत तक तोडफोड़ होगी। लोगों की बात सुनने के बाद महापौर ने कहा कि किसी के भी साथ गलत होने नहीं दिया जाएगा। सरकार की मंशा भी यह नहीं है कि विकास के चक्कर में गरीबों का नुकसान न हो।

सुभाष मार्ग चौड़ीकरण का काम लंबे समय से अटका हुआ है। इसकी चौड़ाई को लेकर विवाद रहा है। नगर निगम की टीम ने सड़क के बीचोबीच मार्किंग कर चौड़ीकरण में बाधित मकानों पर निशान भी लगा दिए थे, लेकिन इसके बाद भी चौड़ीकरण का काम शुरू नहीं हुआ। दरअसल चौड़ाई को लेकर रहवासी विरोध कर रहे हैं। वे इसकी चौड़ाई 80 फीट करने को लेकर अड़े हुए हैं, जबकि निगम इसकी चौड़ाई 100 फीट करना चाहता है। नगर निगम ने चिकमंगलूर चौराहा से जिंसी चौराहा (गोल मंदिर) तक 400 से ज्यादा निर्माण चिह्नित किए हैं जो चौडीकरण की जद में आ रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि अगर सड़क की चौड़ाई 80 फीट कर दी जाए तो कई निर्माण बचाए जा सकते हैं।

वर्षों पुरानी है योजना
सुभाष मार्ग चौड़ीकरण की योजना वर्षों पुरानी है। अतिक्रमण की वजह से कई जगह इस सड़क की चौड़ाई इतनी कम है कि रोजाना जाम की स्थिति बनती है। रामबाग, इमली बाजार, बड़वाली चौकी, जिंसी चौराहों पर अक्सर जाम लगा रहता है। हाफ रिंग बन जाएगीनिगम के अधिकारियों के मुताबिक सुभाष मार्ग चौड़ीकरण पूरा होने के बाद अग्रसेन चौराहा, माणिक बाग, कलेक्टर कार्यालय, महू नाका, गणेशगंज होते हुए चिकमंगलूर चौराहा तक काम पूरा हो जाएगा।

एक दिवसीय रोजगार मेला 6 जनवरी को लगेगा

सिटी चीफ इंदौर।
इंदौर। इंदौर जिले के बेरोजगार आवेदकों को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय (युवा संगम) रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केन्द्र इन्दौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस रोजगार मेले का आयोजन 6 जनवरी 2025 सोमवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नन्दानगर इन्दौर में किया जा रहा है।

उप संचालक रोजगार पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरा अवसर के साथ-साथ व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिए लोन की प्रक्रिया के संबंध में

मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। साथ ही रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे-इन्दौर स्टील, विशाल फेब, रूपरंग, मोजेक वर्क स्कील, अल्ट्रोज टेक्नोलॉज, पटेल मोटर्स, नवशक्ति बॉयो कॅयर, उर्जा टेक सर्विसेस, आई0एफ0एफ0 ओवरसिज, बी-एबल आदि कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कंपनियों द्वारा लगभग 300 से अधिक विभिन्न पदों जैसे सेल्स एक्जिकिटीव, टेलीकॉलर, पैकिंग, सेल्स, टीमलिडर, ड्राइवर, बैकआफिस, हेल्पर, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, वेल्डर, टेलर, सुरक्षा गार्ड आदि पदों हेतु आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कम्पनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे ।

असली हीरे के गहने पहनकर रैंप पर अद्वितीय अंदाज में चली महिलाएं

इंदौर। शिखा कबरा द्वारा आयोजित फैशन शो वास्तव में प्रेरणादायक था। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना था, और इसमें दृष्टिहीन बच्चियों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया। इन बच्चियों ने अपनी आत्मविश्वास और साहस का प्रदर्शन करते हुए रैंप पर चलकर सभी को प्रभावित किया। शो के दौरान, महिलाओं ने असली हीरे के गहने पहनकर रैंप पर अपने अद्वितीय अंदाज में चलकर अपनी शक्ति और सुंदरता को प्रदर्शित किया। यह आयोजन न

केवल फैशन और सौंदर्य की एक नई परिभाषा प्रस्तुत करता है, बल्कि यह एक सशक्तिकरण का संदेश भी देता है, जिसमें महिलाएं एक-दूसरे का समर्थन करते हुए अपनी सफलताओं का जश्न मनाती हैं।

इस तरह के आयोजन समाज में महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हैं और यह साबित करते हैं कि जब महिलाएं एक-दूसरे का समर्थन करती हैं, तो कोई भी बाधा उनके रास्ते में नहीं आ सकती। यह फैशन शो वास्तव में एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि प्रत्येक महिला में असाधारण शक्ति और सुंदरता होती है, जिसे पहचानने और सम्मान देने की आवश्यकता है।

एसजीएसआईटीएस में हुआ साइक्लोथॉन का आयोजन

सिटी चीफ इंदौर।
इंदौर। एसजीएसआईटीएस कॉलेज और फार्मेसी एलुमनी एसोसिएशन ने मिल कर इंदौर क्लाइमेट मिशन के अंतर्गत एक साइकिल रैली का आयोजन किया। 200 से ज्यादा साइकिलिस्ट सुबह 7 बजे एसजीएसआईटीएस से राजबाड़ा तक गए। इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विशेष अतिथि प्रो. चेतन सिंह सोलंकी(आईआईटी बॉम्बे और संस्थापक- एनर्जी स्वराज फाउंडेशन) और कार्यक्रम के मार्गदर्शक एसजीएसआईटीएस के निदेशक प्रो. नीतेश पुरोहित ने सभी को संबोधित किया और रैली को रवाना किया। कार्यक्रम में प्रो. मीना तिवारी प्रो. नेहा कवठेकर भी अतिथियों के साथ मौजूद रहे। रैली के प्रारम्भ में फार्मेसी एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभाष जाटव ने कार्यक्रम में स्वागत भाषण देते हुए सभी का अभिनंदन किया। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, प्रो. चेतन सोलंकी ने साइकिल रैली में पधारे फार्मास्युटिकल कंपनी के प्रतिनिधि,

इंजीनियरिंग और फार्मा कॉलेज के प्रोफेसर, शहर के जलवायु प्रेमी और फार्मेसी एलुमनी एसोसिएशन के सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंदौर जलवायु मिशन के माध्यम से आमजन को प्रोत्साहित करके ऊर्जा साक्षरता को बढ़ावा देना चाहता है, साथ ही ऊर्जा संरक्षण में इंदौर को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे। कार्यक्रम का संचालन नूपुर शाह ने किया। रैली की व्यवस्था और संचालन प्रोफेसर सुरेश पासवान ने किया, जो 1200 किमी तक साइकिल चलाने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। कार्यक्रम का समन्वय प्रो. प्रकाश सोनी, डॉ. विनीत सिंह, डॉ. राकेश जाटव, डॉ. अजय वर्मा, डॉ. राजेश राठौर, अशोक देवगन, डॉ. महेंद्र पटेल, डॉ. अर्पना इंदुख्या, अजय दासोंदी और अन्य साथियों ने किया। आभार प्रो. मीना तिवारी ने माना।

सीजन के सबसे ठंडे दिन के बाद फिर उछला पारा

सिटी चीफ इंदौर।
इंदौर। इंदौर में पिछले 24 घंटों से चल रही तेज सर्द हवाओं के कारण मौसम में ठंडक बढ़ गई है, जिससे दिन और रात दोनों के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। 30 दिसंबर को दिन का पारा 27.3 दर्ज किया गया जो इससे पहले 6 डिग्री कम होकर 21.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। वहीं रविवार रात का तापमान 2 डिग्री कम होकर 13.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को भले ही कोल्ड डे घोषित नहीं किया गया, लेकिन दिनभर ठंड का असर महसूस किया गया। सोमवार सुबह से भी ठंडी हवाएं चल रही हैं, जिससे कंपकंपी का माहौल बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि साल की आखिरी रात को तापमान 10 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। वर्तमान में बने सिस्टम के अनुसार, मध्य प्रदेश में नए साल के पहले दिन से कड़ाके की सर्दी का दौर शुरू होने की संभावना है, जिससे बर्फीली हवाओं के चलते पूरे प्रदेश में ठिठुरन का माहौल बन जाएगा। इंदौर में रविवार से बारिश बंद हो गई है और मौसम साफ हो गया है, लेकिन तापमान में गिरावट जारी है। सोमवार सुबह हल्का कोहरा छाया रहा, विजिबिलिटी 1100 मीटर रही, हवा की गति 8 किमी प्रति घंटा थी और बादल भी छाए हुए थे, जिससे ठंड का असर बढ़ गया। मौसम विभाग के अनुसार, जनवरी में 20 से 22 दिनों तक शीतलहर और कोल्ड डे का असर रह सकता है। शुरूआती दिनों में ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग के जिलों में शीतलहर का प्रभाव रहेगा, जिसके बाद इंदौर और आसपास के हिस्सों में भी इसका असर दिखाई देगा।

यूपीआई पेमेंट का विरोध कर रहे व्यापारियों को मनाया

सिटी चीफ इंदौर।
इंदौर। इंदौर के रिटेल गारमेंट्स एसोसिएशन ने 6 दिन बाद यूपीआई से पेमेंट नहीं लेने का निर्णय वापस ले लिया है। यह फैसला एक साइबर फ्रॉड की घटना के बाद लिया गया था, जिसमें एक ग्राहक ने खरीदारी के बाद फ्रॉड का पैसा व्यापारियों के खाते में ट्रांसफर कर दिया। इसके चलते आरबीआई ने व्यापारी का खाता फ्रीज कर दिया, जिससे परेशान होकर व्यापारियों ने केवल नकद और क्रेडिट कार्ड से भुगतान लेने का निर्णय किया। मामले की जानकारी मिलने पर क्राइम ब्रांच और बैंक अधिकारियों ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मुलाकात की और समस्या का समाधान निकाला। व्यापारियों ने आश्वासन के बाद यूपीआई पेमेंट स्वीकार करना फिर से शुरू कर दिया है।

बैंक खाता बंद होने पर तुरंत क्राइम ब्रांच आएं
क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने एसोसिएशन के अध्यक्ष अक्षय जैन और अन्य पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। इसमें व्यापारियों ने बताया कि खरीदारों के मोबाइल नंबर बिलिंग के दौरान लिए जाते हैं, लेकिन अन्य प्रदेशों में हुए साइबर फ्रॉड के कारण उनके खाते फ्रीज कर दिए जाते हैं। इस पर दंडोतिया ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि ऐसी स्थिति में वे क्राइम ब्रांच से संपर्क कर सकते हैं, जहां उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। व्यापारियों ने इस मामले में ज्ञापन देने की बात कही और तय किया कि वे क्राइम ब्रांच से चर्चा करेंगे।

व्यापारियों ने अपनी दुकानों पर लगे ह्यूपीआई से भुगतान नहींह्व लेने के बोर्ड हटा दिए हैं और यूपीआई पेमेंट स्वीकार करना शुरू कर दिया है। व्यापारियों ने कहा कि खाते फ्रीज होने पर केवल उतनी राशि फ्रीज होनी चाहिए जितनी फ्रॉड हुई हो, न कि पूरा खाता। एसोसिएशन अध्यक्ष अक्षय जैन ने बताया कि 650 दुकानदारों ने इस विरोध में हिस्सा लिया, जिसे अन्य व्यापारिक संगठनों का समर्थन भी मिला। इस कदम का उद्देश्य समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करना था। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के फैसले व्यापारियों के हित में हैं और यूपीआई व्यापार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। व्यापारियों ने अपने खातों को फ्रीज करने के फैसले का विरोध किया और साइबर फ्रॉड के मामलों में बैंक और आरबीआई से उचित समाधान की मांग की। क्राइम ब्रांच और बैंक अधिकारियों ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके बाद यूपीआई पेमेंट फिर से शुरू किया गया।

पटवारी बोले- सौरभ शर्मा की हो सकती है हत्या,गिरफ्तारी पर कई चेहरे होंगे बेनकाब

सिटी चीफ भोपाल।
भोपाल। राजधानी भोपाल में मिले 52 किलो सोना और 10 करोड़ नगद मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की हत्या हो सकती है। क्योंकि वह जब भी सामने आएगा, कई लोगों के चेहरे बेनकाब होंगे। इसलिए सरकार को चाहिए कि उसकी गिरफ्तारी कर उसे सुरक्षा दे और भ्रष्टाचार का सच सामने लाए। सौरभ शर्मा के वकील भी उनके एनकाउंटर की आशंका जता चुके हैं। पटवारी ने सोमवार को भोपाल में मीडिया से बात करते हुए कहा कि बीजेपी के राज में भ्रष्टाचारी चेहरा कैसा होता है, यह दिखने लगा है। जनता को साफ हो गया है कि यह करप्शन, क्राइम, कर्ज और कमीशन की सरकार है। उन्होंने कहा कि सौरभ शर्मा की हत्या हो सकती है, यह बात मैं पहले भी कह चुका हूं, जब सौरभ के भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ था। अब फिर इस आशंका को दोहरा रहा हूं।

यह लूट के पैसे की लड़ाई
पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि यह लूट के पैसे की लड़ाई है। जिन लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई, वे सभी लूटपाट कर रहे हैं और एक से डेढ़ करोड़ तक की अवैध कमाई कर रहे हैं। पटवारी ने उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन के लिए वसूले जा रहे पैसों का जिक्र करते हुए कहा कि बीजेपी के शासन में भगवान के दर्शन के लिए भी पैसे वसूले जा रहे हैं। ये ऐसे भोलेनाथ के भक्त हैं। यह भाजपा की सरकार है। यह आरएसएस से जुड़े लोगों का नैतिक दायित्व है, जो ऐसा करा रहे हैं।

दलितों पर लगातार बढ़ रहे अत्याचार
बीजेपी पर घोटाले और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पटवारी ने कहा कि कांग्रेस लगातार इनके खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस ने सच्चे विपक्ष की भूमिका निभाई है। एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि दलितों पर अत्याचार लगातार बढ़ रहे हैं। संविधान की रक्षा के लिए महू में एक बड़ा कार्यक्रम किया जा रहा है। इसमें राहुल गांधी और कमलनाथ समेत पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

सौरभ शर्मा को गिरफ्तार कर सुरक्षा देने की मांग की
जीतू पटवारी ने सौरभ शर्मा को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने और उसे सुरक्षा देने की मांग की है। उन्होंने आशंका जताई है कि सौरभ शर्मा के पास कई राज हैं और उसकी जान को खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि सौरभ को गिरफ्तार कर सुरक्षा दे सरकार। उन्होंने सागर में एक लापता व्यक्ति और व्यापम घोटाले का भी जिक्र किया, जिसमें कई लोगों की हत्या का आरोप लगाया गया था। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सौरभ शर्मा को कुछ होता है तो उसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। यदि कोई दुर्घटना होती है या उसकी मौत होती है तो उसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

सौरभ शर्मा के खाते में करोड़ों रुपए, मिली 23 करोड़ की प्रॉपर्टी परिवहन विभाग के पूर्व सिपाही सौरभ शर्मा को लेकर लगातार नए-नए खुलासे हो रहे हैं। इसके साथ ही एजेंसियों का शिकंजा सौरभ शर्मा पर कसता जा रहा है। प्रवर्तन निदेशालस (ईडी) के भोपाल जोनल कार्यालय ने पीएमएलए एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। 27 दिसंबर को ईडी ने सौरभ शर्मा के सहयोगी चेतन सिंह गौर, शरद जायसवाल और रोहित तिवारी के भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर स्थित आठ ठिकानों पर कार्रवाई की थी। ईडी ने यह कार्रवाई लोकायुक्त की दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की है। ईडी की छापेमारी में सामने आया है कि सौरभ शर्मा ने अपने परिवार के सदस्यों और संबंधित फर्मों/ कंपनियों के नाम पर करोड़ों रुपये की अनुपातहीन संपत्ति अर्जित की है।

ईडी की छापेमारी में सौरभ के सहयोग चेतन सिंह गौर के नाम पर छह करोड़ रुपये से अधिक के फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) मिली है। वहीं, सौरभ शर्मा के परिवार और कंपनियों के नाम पर चार करोड़ रुपये से अधिक की राशि बैंक खातों में मिली है। इसके अलावा उसके परिवार के सदस्यों और अलग-अलग कंपनियों के नाम पर 23 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों के दस्तावेज ईडी को मिले हैं। साथ ही कई दस्तावेज भी ईडी ने बरामद किए हैं। ईडी की तरफ से बताया गया कि मामले की आगे जांच जारी है। बता दें कि सौरभ शर्मा पर आरोप है कि उसने परिवहन विभाग में सिपाही की नौकरी करते भ्रष्ट तरीके से धन कमाया और उसका उपयोग संपत्तियों को खरीदने में किया। सौरभ शर्मा के पिता डॉ. आरके शर्मा का 2015 में निधन हो गया था। वह स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत थे। उनकी जगह सौरभ शर्मा को परिवहन विभाग में अनुकंपा नियुक्ति 2016 में मिली। आरोप है कि इस दौरान सौरभ शर्मा ने आरटीओ चौकियों से भ्रष्टाचार कर पैसा कमाया। वहीं, 2023 में उसने नौकरी छोड़कर ठेकेदारी शुरू कर ली और कंस्ट्रक्शन कंपनी बना ली। वह होटल और स्कूल भी बना रहा था। यह भी सामने आया है कि वह पेट्रोल पंप का संचालन भी कर रहा था।

लोकायुक्त ने 19 दिसंबर को की थी छापेमारी
लोकायुक्त पुलिस ने सौरभ के घर पर 19 दिसंबर को रेड की थी और बेनामी संपत्ति का खुलासा किया था। लोकायुक्त को सौरभ शर्मा को उसके ठिकानों से 2.87 करोड़ रुपये नकद, जमीन में दबा कर रखी गई 234 किलो चांदी, 50 लाख कीमत के सोने के आभूषण समेत कई महंगी सामग्री मिली थी। लोकायुक्त को सौरभ के घर से करीब सात करोड़ 98 लाख रुपये की चंल संपत्ति मिली थी। इसके अलावा अचल संपत्ति के दस्तावेज अलग है, जिनकी अभी जांच की जा रही है। वहीं, इस कार्रवाई के बीच इनकम टैक्स विभाग ने भी एक कार से 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपये नकद जब्त किए हैं। यह कार भी सौरभ के सहयोगी चेतन सिंह गौर के नाम है। चेतन सिंह गौर ने पूछताछ में कार का उपयोग सौरभ शर्मा के द्वारा करने की बात कही है। फिलहाल, मामले में चार एजेंसी जांच कर रही है।

सौरभ शर्मा की मां प्रीतम लोधी से नाराज
जांच एजेंसियों की कार्रवाई के बीच पूर्व आरटीओ कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा अभी दुबई में है। इस बीच पिछोर से बीच विधायक प्रीतम लोधी ने सौरभ शर्मा की मां उमा शर्मा को लेकर बड़ा आरोप लगाया था। इन आरोपों के बाद पहली बार उमा शर्मा मीडिया के सामने आईं और जमकर उन्होंने अपना गुस्सा निकाला है। उमा शर्मा ने कहा कि मैं बहुत दुखी हूं। मीडिया में किसी ने मेरे कैरेक्टर पर उंगली उठाई है। उन्होंने कहा कि प्रीतम लोधी ने मेरे बारे में अनर्गल बातें की हैं। मुझे बताने में भी शर्म आ रही है। उमा शर्मा ने कहा कि सौरभ शर्मा का मुद्दा अलग है। इसका मेरे कैरेक्टर से क्या लेना-देना है। प्रीतम लोधी घटिया राजनीति कर रहे हैं। वह इतना नीचे जा चुके हैं कि मैं सोच भी नहीं सकती हूं। प्रीतम लोधी के बयान से सौरभ शर्मा की मां बेहद गुस्से में हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोग लाडली बहना, लाडली बहना करते हैं, ये सभी लोग कहां हैं। मैं किसी की बहन-बेटी नहीं हूं क्या जो मेरे कैरेक्टर पर उंगली उठाए। उन्होंने कहा कि मैं सीना ठोककर कह रही हूं कि जिस व्यक्ति के साथ मेरा नाम लिया गया, उनसे कोई लेना देना नहीं। मेरी इतनी उम्र हो गई है, ऐसे 50 लोगों को मैं समाज में जानती हूं। उन्होंने कहा कि वह मेरे बच्चे पर आरोप लगा है और डीएनए टेस्ट की मांग कर रहा है।गुस्से में उमा शर्मा ने कहा कि वह पहले अपना डीएनए टेस्ट करवाए कि वह किसका औलाद है। इनकी पार्टी के लोग इन्हें संरक्षण दे रहे हैं। मुद्दा क्या था और ये लोग मां को घसीट रहे हैं। इतनी गंदी राजनीति से क्या फायदा होगा। पहले साबित तो होने दो कि किसका पैसा है। कोर्ट में केस को जानें दो, सौरभ को यहां आकर जवाब देने दो। दूसरे लोगों से क्यों जवाब मांग रहे हो। गौरतलब कि सौरभ शर्मा की मां का नाम उमा शर्मा है। एजेंसियों के अनुसार सौरभ शर्मा ने अपनी मां के नाम पर भी निवेश किए हैं। इसके साथ ही पत्नी और साली के नाम पर निवेश के दस्तावेज मिले हैं। इसी को लेकर विधायक प्रीतम लोधी ने आरोप लगाया था कि सौरभ के घर से जो रुपए मिले हैं, वह पिछोर के पूर्व कांग्रेस विधायक के हैं।

नकल रोकने के लिए एमपी बोर्ड की खास तैयारी

जिन शिक्षकों के बच्चे परिक्षार्थी उनको नहीं मिलेगी जिम्मेदारी

सिटी चीफ भोपाल।
भोपाल। मध्य प्रदेश में आगामी महीनों में बोर्ड एग्जाम होना है। बोर्ड एग्जाम में नकल की और पेपर लीक के मामले ना हो इसके लिए खास तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस बार बोर्ड एग्जाम में किसी तरह की गड़बड़ी ना हो इसके लिए शिक्षा विभाग एक एक कदम संभाल कर रख रहा है। साथ ही कई नियमों में बदलाव किए हैं। इसी कड़ी में केंद्राध्यक्ष के चुनाव में भी खास तैयारी की गई है। दरअसल, फरवरी महीने में 10-12वीं की बोर्ड एग्जाम आयोजित होगी। इसके लिए केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष बनाने की प्रक्रिया चल रही है। हालांकि इस बार केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष को चुनने के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं। इनके आधार पर ही चुनाव किया जाएगा। एमपी बोर्ड एग्जाम के लिए इस बार केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष की नियुक्ति अब विकासखंड स्तर पर नहीं होगी। इसके लिए योग्य लोगों की जिला स्तरीय लिस्ट तैयार की जाएगी। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में बनाई गई एक कमेटी यदि इसको अप्रूव कर देती है तो जिला शिक्षा अधिकारी इस सूची को जिला सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) भेजेंगे। वहां पहले से मौजूद केंद्रों की सूची के साथ इस सूची को भी विशेष सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा। वहां से फिर केंद्राध्यक्ष का चुनाव होगा। इस बार बोर्ड ने केंद्राध्यक्षों के नियमों में जो बदलाव किया है। उसके अनुसार जिन शिक्षकों के बच्चे बोर्ड एग्जाम दे रहे हैं। उनको केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष नहीं बनाया जाएगा। इसके साथ ही चयनित किए गए शिक्षक गंभीर रूप से बीमार और शारीरिक रूप से अक्षम भी नहीं होने चाहिए।

केंद्राध्यक्षों को मोबाइल ले जाने पर रोक

दो साल पहले पेपर लीक मामले में सामने आया था कि मोबाइल से फोटो खींचकर वायरल किया गया था। पुलिस थाने से क्वेश्चन पेपर एग्जाम हॉल तक लाने के बीच मोबाइल से फोटो खींचकर सोशल मीडिया में वायरल किया था। इसके चलते इस बार नियम बनाया गया है कि केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष और एग्जामिनर सहित अन्य स्टाफ परीक्षा के समय अपने पास मोबाइल नहीं रखेगा।

केंद्राध्यक्ष के चयन में इन बातों का रखा जाएगा ध्यान

-केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष की नियुक्त जिला स्तर पर रैंडम तौर पर चुना जाएगा।
-इसके लिए इसका ध्यान रखा जाएगा कि केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष उसी परीक्षा केंद्र (स्कूल) का नहीं होना चाहिए।
-साथ ही उस परीक्षा केंद्र में उस स्कूल के बच्चे ना हो जिनको केंद्राध्यक्ष बनाया गया है।
-परीक्षा से जुड़ा कोई कर्मचारी समय से नहीं पहुंचता है तो उसकी अबसेंड सर्वर पर दर्ज होगी। इससे पता चलेगा की वह उपस्थित नहीं है।
-परीक्षा में शामिल होने वाले सभी अधिकारियों की ट्रैकिंग मोबाइल एप से होगी। इसका बोर्ड ऑफिस में इसका सर्वर होगा।

आरजीपीवी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में भ्रष्टाचार को लेकर एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

भोपाल। राजधानी भोपाल स्थित आरजीपीवी विश्वविद्यालय में स्पोर्ट कंपलेक्स निर्माण में हुए आर्थिक भ्रष्टाचार को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने सोमवार को प्रदर्शन किया इस दौरान उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण में हुए आर्थिक भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी ने छह दिन के भीतर दोषियों के खिलाफ उचित दंडात्मक और वैधानिक कार्रवाई की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने जोरदार नारेबाजी की। अंत में रजिस्ट्रार को कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए वर्ष 2015 में 16.50 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी, जिसे 2019 में बढ़ाकर 19.16 करोड़ कर दिया गया। निर्माण कार्य का दायित्व सीपीए को सौंपा गया, जिसने 23.52 करोड़ रुपये खर्च करने की जानकारी दी। इसके बावजूद, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स आज तक अधूरा है।

यह है मुख्य गड़बड़ी
- डीपीआर के अनुसार, आउटडोर स्टेडियम का निर्माण अब तक नहीं हुआ है।
- इनडोर स्टेडियम में वुडन फ्लोरिंग की जगह घटिया प्लास्टिक का उपयोग हुआ।
-10 एग्जॉस्ट फैन का उल्लेख था, लेकिन एक भी फैन नहीं लगाया गया।
- हॉकी ग्राउंड और एथलेटिक्स ट्रैक अब भी झाड़ियों से घिरे हुए हैं।
- स्विमिंग पूल का निर्माण अधूरा है और वहां केवल एक गड्ढा है।
-बास्केटबॉल के छह कोर्ट में से केवल चार ही बने हैं।

कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन
एबीवीपी के महानगर मंत्री शिवम जाट ने कहा कि यह भ्रष्टाचार का गंभीर मामला है। तत्कालीन निर्माण एजेंसी और विश्वविद्यालय प्रशासन ने 2021 में कार्य पूरा होने का दावा किया था, और तीन साल पहले उद्घाटन भी करवा दिया गया था। अभाविप ने मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। अगर प्रशासन ने समय पर कार्रवाई नहीं की, तो विद्यार्थी परिषद चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी।

मध्यप्रदेश में बारिश का दौर थमा शुरू हुई कड़ाके की ठंड

भोपाल। पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोनिक सकुर्लेशन एक्टिव होने से प्रदेश में दो दिन तक बारिश और ओले का दौर रहा। अब बारिश का दौर थम गया है। दिन-रात के तापमान में गिरावट होने लगी है। रविवार-सोमवार की रात प्रदेश में नीमच सबसे ठंडा रहा यहां का न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि राजगढ़ 5.4 डिग्री, शिवपुरी 5.5 डिग्री, शाजापुर और गुना में 7.2 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों के न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। राजधानी भोपाल का न्यूनतमप तापमान 10.4 डिग्री, इंदौर 13.2 डिग्री, जबलपुर 13..5 डिग्री, ग्वालियर 11.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार को दिन में ठंडी हवा चली जिससे दिन के अधिकतम तापमान में भी गिरावट देखने को मिली टीकमगढ़ और नवगांव में 18 डिग्री, ग्वालियर, सीधी और रीवा में अधिकतम तापमान 19.0 डिग्री दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश में नए साल 2025 के पहले दिन 1 जनवरी से कड़ाके की ठंड का दौर फिर शुरू हो जाएगा। बफीर्ली हवा की वजह से पूरा एमपी ठिठुरेगा।सबसे ज्यादा असर उज्जैन और ग्वालियर-चंबल में दिखाई देगा। इन्हीं जगहों पर 30 और 31 दिसंबर को कोहरा भी रहेगा। जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर संभाग में भी कोहरा देखने को मिलेगा।

नए साल में शीतलह
मौसम विभाग के अनुसार जनवरी में 20 से 22 दिन तक शीतलहर और कोल्ड डे का असर रह सकता है। शुरूआती दो दिन में ग्वालियर, चंबल और उज्जैन संभाग के जिलों में शीतलहर का असर देखने को मिलेगा। इसके बाद पूरे प्रदेश में असर बढ़ जाएगा।

मेट्रो फेज-2 के लिए 29 दुकानें तोड़ी, अल्पना तिराहे से रेलवे स्टेशन तक कार्रवाई

सिटी चीफ भोपाल।
भोपाल। भोपाल मेट्रो की ऑरेंज लाइन के दूसरे फेज के लिए सोमवार सुबह 29 दुकानें तोड़ दी गई। अल्पना तिराहे से भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-6 तक यह कार्रवाई की गई। कुल 40 दुकानें टूटेगी। वहीं, ईरानी डेरा के आसपास करीब 30 अतिक्रमण हटेगा। कार्रवाई के बीच विधायक आतिफ अकील भी मौके पर पहुंचे और दुकानदारों के विस्थापन की मांग उठाई। कार्रवाई से नाराज व्यापारियों का आरोप है कि, मामले में हाईकोर्ट में आज सुनवाई होनी थी, लेकिन इससे पहले ही प्रशासन ने कार्रवाई कर दी। जिला प्रशासन उन्हें विस्थापित करें और उचित मुआवजा दें। ताकि, वे परिवार का भरण-पोषण और व्यापार कर सके।

बता दें कि मेट्रो का दूसरा फेज सुभाष नगर डिपो से करोंद तक कुल 8.77ङ्क है। यह काम भी दो हिस्से में होगा। दोनों पर कुल 1540 करोड़ रुपए खर्च होंगे। मिट्टी की टेस्टिंग, डिजाइन समेत अन्य काम हो चुके हैं। अब अतिक्रमण हटाया जा रहा है। ताकि, सिविल के काम जल्दी शुरू हो सकें। कुछ दिन पहले पुल बोगदा से पक्की दुकानें हटाई गई थीं। वहीं, सोमवार सुबह रेलवे स्टेशन के आसपास कार्रवाई की गई।

50 साल से कर रहे थे व्यापार
प्लेटफॉर्म नंबर-6 के सामने स्थित नर्मदा आइस फैक्ट्री के भूखंड पर 40 दुकानें थीं। जहां व्यापारी पिछले 50 वर्ष से व्यापार कर रहे थे। इन दुकानों को हटाने की कार्रवाई की गई है। जिन दुकानदारों ने अपना सामान नहीं हटाया था, उनका सामान जब्त कर लिया गया। कुछ दुकानदारों ने अपना सामान रोड पर ही रख लिया। दुकानदारों ने कोर्ट में याचिका दाखिल करने की बात कहीं, लेकिन अफसरों ने एक न सुनी और कार्रवाई की।

नियमानुसार राशि दी जाएगी
कार्रवाई के दौरान एसडीएम दीपक पांडे की मौजूदगी में करीब 100 अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। ताकि, कोई हंगामा हो तो सख्ती से निपटा जा सके। निगम की जेसीबी की मदद से दुकानें तोड़ी गई।

इन दुकानों में रेलवे टिकट घर, स्टेशनरी, होटल आदि सामान बेचा जाता था। एसडीएम पांडे ने बताया, दुकानदारों को नियमानुसार राशि दी जाएगी।

विधायक ने कहा- दुकानदारों को राहत दी जाए
मौके पर पहुंचे विधायक अकील ने अधिकारियों से आग्रह किया कि दुकानदारों को विस्थापित वाली सुविधाएं दी जाए। दुकानें बनाकर दें। ताकि, वे अपना व्यापार कर सके। विधायक ने कहा कि भोपाल में विकास कार्य में बाधा कोई भी उत्पन्न नहीं कर रहा है और न कोई भी मेट्रो ट्रेन के खिलाफ है, लेकिन जो दुकानदार हैं, उन्हें हटाने से पहले उनके दस्तावेज चेक किए जाते। एसडीएम पांडे ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों तक यह मांग पहुंचाएंगे।

सम्पादकीय

देश में छोटे व्यवसायों ने दी ज्यादा नौकरियां, लेकिन...

खासतौर पर प्रतिष्ठानों और नौकरियों में जो इजाफा हुआ उसका अधिकांश हिस्सा 'ओन अकाउंट एंटरप्राइजेज'(ओएई) में हुआ जहां अनिवार्य रूप से एक व्यक्ति काम करता है या जो पारिवारिक दुकान होती है जहां बाहरी किसी व्यक्ति को काम पर नहीं रखा जाता है। इस आंकड़े से कई सवाल पैदा होते हैं। पहला, इस बात में संदेह है कि यह अर्थव्यवस्था की वास्तविक वृद्धि दर्शाता है या नहीं। छोटे कारोबारों में से कई असंगठित बने हुए हैं। ये न केवल कर और नियामकीय प्राधिकारियों की नजर से ओझल हैं बल्कि वे बड़े पैमाने पर होने वाले ऐसे सर्वेक्षणों में भी सामने नहीं आ पाते।

असंगठित क्षेत्र के उद्यमों में सितंबर, 2024 को समाप्त वर्ष के दौरान रोजगार 10.01 प्रतिशत बढ़कर 12 करोड़ से अधिक हो गए, जबकि प्रतिष्ठानों की संख्या 12.28 प्रतिशत बढ़कर 7.34 करोड़ हो गई। सरकारी सर्वेक्षण में यह जानकारी सामने आई है। असंगठित गैर-कृषि क्षेत्र के उद्यमों को शामिल करने वाले इस सर्वेक्षण से पता चलता है कि अक्टूबर, 2023- सितंबर, 2024 की अवधि में सकल मूल्यवर्धन (जीएवी) में 16.52 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ये निष्कर्ष अक्टूबर, 2023- सितंबर, 2024 की अवधि के लिए असंगठित क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण का हिस्सा हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने असंगठित क्षेत्र के उपक्रमों का वार्षिक सर्वेक्षण जारी किया है। आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 के बीच ऐसे छोटे असंगठित उपक्रमों की तादाद में इससे पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 13 फीसदी का इजाफा हुआ है। ऐसे रोजगार से मिलने वाली नौकरियां भी बढ़ी हैं लेकिन इसकी दर काफी कम रही है। इसे एक अच्छे संकेत के रूप में पेश किया जा सकता है क्योंकि नौकरियों में कोई भी इजाफा स्वागतयोग्य है। परंतु समेकित स्तर पर देखें तो इसे पूरी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेतक मानना मुश्किल है। खासतौर पर प्रतिष्ठानों और नौकरियों में जो इजाफा हुआ उसका अधिकांश हिस्सा 'ओन अकाउंट एंटरप्राइजेज'(ओएई) में हुआ जहां अनिवार्य रूप से एक व्यक्ति काम करता है या जो पारिवारिक दुकान होती है जहां बाहरी किसी व्यक्ति को काम पर नहीं रखा जाता है। इस आंकड़े से कई सवाल पैदा होते हैं। पहला, इस बात में संदेह है कि यह अर्थव्यवस्था की वास्तविक वृद्धि दर्शाता है या नहीं। छोटे कारोबारों में से कई असंगठित बने हुए हैं। ये न केवल कर और नियामकीय प्राधिकारियों की नजर से ओझल हैं बल्कि वे बड़े पैमाने पर होने वाले ऐसे सर्वेक्षणों में भी सामने नहीं आ पाते।

विगत एक दशक में अर्थव्यवस्था निरंतर संगठित हुई है। इसमें वित्तीयकरण के साथ-साथ वस्तु एवं सेवा कर तथा अन्य ढांचागत बदलावों की अहम भूमिका रही है। ऐसे में यह संभव है कि जो वृद्धि नजर आ रही है वह केवल सांख्यिकीय गणना भर हो और इसी संगठित होने को दर्शा रही हो। ऐसी सांख्यिकीय संरचनाएं पहले भी देखी गई हैं। उदाहरण के लिए कर्मचारियों के लिए बनी सरकार की अल्प बचत योजनाओं में निवेश करने वालों की संख्या में हाल के दिनों में इजाफा हुआ है। यह रोजगार में वास्तविक इजाफा दर्शाता है या केवल मौजूदा रोजगार संगठित हुए हैं, यह बहस का विषय है। एक अन्य तथा अधिक गहन प्रश्न यह है कि यदि इस तरह के रोजगार बढ़े भी हैं तो इसे स्वस्थ अर्थव्यवस्था का संकेत माना जाए या अस्वस्थ। जैसा कि विशेषज्ञों का कहना है कि रोजगार पर केंद्रित सर्वेक्षणों ने दिखाया है कि हाल के समय में शहरी रोजगार कम हुए हैं। काफी लंबे समय के बाद ऐसा देखने को मिला है। जबकि इस बीच कृषि क्षेत्र में रोजगार बढ़े हैं। इससे संकेत मिलता है कि एक विकासशील अर्थव्यवस्था में रोजगार निर्माण और वृद्धि के इंजन को जिस तरह काम करना चाहिए, शायद भारत में वैसा नहीं हो रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो लोगों को कृषि से बाहर कहीं अधिक उत्पादक क्षेत्रों में काम करना चाहिए। अगर ऐसा है तो इन ओएई की संख्या को अर्थव्यवस्था में सुधार या वृद्धि का परिचायक नहीं माना जाना चाहिए बल्कि यह तो ऐसी खराब स्थिति का परिचायक है जहां लोग अपनी दुकानें खोलने को विवश हैं। यह काफी लंबे समय से देश के जीडीपी में असंगठित क्षेत्र की सेवाओं के दबदबे की परिभाषा रही है कि ऐसे छोटे, सेवा आधारित प्रतिष्ठान उन लोगों को नौकरियां देते हैं जो नियमित रोजगार नहीं हासिल कर पाते लेकिन जिनके लिए कृषि में भी कोई जगह नहीं होती है। इससे यह मजबूत संकेत निकलता है कि सरकार को मझोले और बड़े प्रतिष्ठानों की वृद्धि सुनिश्चित करने की जरूरत है और इस काम को प्राथमिकता पर किया जाना चाहिए। अच्छे और स्थिर रोजगार तभी हासिल हो सकते हैं जबकि ऐसे उपक्रमों का सामान्यीकरण किया जा सके। गैर निगमित क्षेत्र के प्रतिष्ठानों को सही ढंग से बढ़ावा देने की आवश्यकता है। उन्हें नीतिगत सहजता के रूप में भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और प्रशासनिक माहौल को भी अनुकूल बनाया जाना चाहिए। ताकि वे अधिक से अधिक कर्मचारियों को नियमित रूप से काम पर रख सकें।

एक वैश्विक विचारक नेता के रूप में उभरा भारत

भारत एक वैश्विक विचारक नेता के रूप में उभरा है। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को वैश्विक सार्वजनिक के रूप में स्वीकार किया जाता है। मानव केंद्रित वैश्वीकरण पर पीएम मोदी के वन हेल्थ के दृष्टिकोण को मुख्यधारा में लाया गया है। जनसंख्या के रुझान और आर्थिक विकास के पैटर्न देखने से यह भी पता चलता है कि प्रधानमंत्री मोदी प्रवासन और गतिशीलता पर काम करने में दूरदर्शी है। भारतीय कौशल और उद्यमशीलता की उनकी गतिशीलता और क्षमताओं के कारण से अनेक राष्ट्रों में उनकी मांग बढ़ी है। अब जबकि वर्ष 2024 समाप्त हो रहा है, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने व्यावहारिकता, महत्वाकांक्षा और अनुकूलनशीलता का एक दुर्लभ मिश्रण प्रदर्शित किया है।

2024 में वैश्विक परिदृश्य अत्यधिक जटिल और अस्थिर है। यूरोप और मध्य पूर्व में दो महत्वपूर्ण युद्धों ने न केवल भू-राजनीतिक तनाव को बढ़ाया है अपितु वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और खाद्य सुरक्षा को भी अस्थिर कर दिया है। इन संकटों ने अन्य क्षेत्रों में चुनौतियों को बढ़ा दिया है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दक्षिण चीन सागर और भारत समेत इसकी सीमाओं पर चीन की बढ़ती आक्रामकता ने क्षेत्र में अस्थिरता का वातावरण बना रखा है। म्यांमार के आंतरिक संकट का इस क्षेत्र में भी प्रभाव पड़ा है और बांग्लादेश को अत्यधिक राजनीतिक अशांति का सामना करना पड़ा है, जिसने बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और अल्पसंख्यक समुदायों पर इसके प्रभाव और क्षेत्रीय स्थिरता के बारे में चिंताएं बढ़ा दी है।

भू-आर्थिक चुनौतियों में वृद्धि हुई है। वैश्विक मुद्रास्फीति अधिक बनी हुई है, महामारी और यूक्रेन युद्ध से बाधित आपूर्ति श्रृंखलाएं अभी तक पूरी तरह से ठीक नहीं हुई हैं और कई विकासशील अर्थव्यवस्थाएं बढ़ते कर्ज से जूझ रही हैं। चीन की आर्थिक मंदी ने अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है, इसके व्यापक प्रभाव वैश्विक व्यापार में महसूस किए जा रहे हैं। दक्षिण एशिया में पाकिस्तान का आर्थिक संकट गंभीर बना हुआ है, जबकि श्रीलंका और मालदीव हाल की वित्तीय उथल-पुथल से उबर रहे हैं, भारत उनकी स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इन परस्पर जुड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए कूटनीति और मजबूत नेतृत्व की आवश्यकता होती है। भारत ने ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उल्लेखनीय कुशलता और दक्षता का प्रदर्शन किया है। इन अशांत स्थितियों के बीच भारत ने न केवल रणनीतिक दूरदर्शिता के साथ अपना रास्ता तय किया है, बल्कि विश्व मंच पर एक विश्वसनीय भागीदार और स्थिरता में सहायक शक्ति के रूप में भी उभरा है।

2024 में प्रधानमंत्री मोदी की सक्रिय कूटनीति ने भारत की विदेश नीति के उद्देश्यों को महत्वपूर्ण रूप से आगे बढ़ाया है। अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में वह फरवरी में संयुक्त अरब अमीरात और कतर, मार्च में भूटान, जून में इटली, जुलाई में रूस और ऑस्ट्रिया, अगस्त में पोलैंड और यूक्रेन, सितंबर में ब्रुनेई और सिंगापुर, सितंबर में अमेरिका, अक्टूबर में लाओस, अक्टूबर में रूस, नवंबर में नाइजीरिया, ब्राजील और गुयाना तथा दिसंबर में कुवैत का दौरा कर चुके हैं। इन यात्राओं ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया है। भारत की वैश्विक स्थिति को बढ़ाया है।

43 वर्षों में कुवैत की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने एक रणनीतिक साझेदारी और सहयोग की नई संभावनाएं उत्पन्न की है। वास्तव में, 2024 में कतर और कुवैत की अपनी यात्राओं से प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे खाड़ी क्षेत्र के साथ भारत के समीकरण को आपसी संदेह और झिझक से घनिष्ठ मित्रता और सहयोग में बदल दिया है जिससे व्यापार और निवेश, ऊर्जा और सुरक्षा और लोगों से लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री मोदी को कुवैत के सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर से सम्मानित किया गया। यह उनका 20वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन की यात्रा किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। यह वैश्विक शांति और कूटनीति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नाइजीरिया में, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति बोला टीनूबू ने समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद से मुकाबले में संबंधों को मजबूत करने का संकल्प लिया। इससे अफ्रीका में भारत की रणनीतिक उपस्थिति बढ़ी है। ये रणनीतिक जुड़ाव और मान्यताएं ग्लोबल साउथ के देशों के साथ घनिष्ठ संबंधों को बढ़ावा देने, भारत की अंतर्राष्ट्रीय नीति को बढ़ाने, रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देने और वैश्विक शांति और विकास में योगदान देने की प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

2024 में भारतीय कूटनीति का एक निर्णायक क्षण जून में प्रधानमंत्री मोदी की संयुक्त राज्य अमेरिका की राजकीय यात्रा थी। इस महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने दूसरी बार अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इसमें प्रधानमंत्री मोदी ने लोकतंत्र के साझा मूल्यों और दोनों देशों के बीच गहरी साझेदारी पर जोर दिया। इस यात्रा के परिणामस्वरूप उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियों के संयुक्त विकास के लिए एक नीति अपनाने और भारत में जेट इंजन बनाने के लिए जीई एयरोस्पेस के लिए 2 बिलियन डॉलर का ऐतिहासिक सौदा सहित महत्वपूर्ण समझौते हुए। ये समझौते भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने, भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता और तकनीकी बढ़त को बढ़ाने के प्रयासों को दर्शाता है।

भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को वैश्विक अस्थिरता से बचाने के लिए अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने पर भी ध्यान केंद्रित किया है। रियायती रूसी तेल खरीदना जारी रखते हुए भारत ने अमेरिका से कच्चे तेल के आयात को बढ़ाया है। यह अब इसके कुल तेल आयात का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है। इसमें पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अमेरिका अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में एक प्रमुख भागीदार के रूप में भी उभरा है। विशेष रूप से, भारत-अमेरिका स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा निवेश और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में 100 बिलियन डॉलर जुटाना है ताकि भारत सतत ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व कर सके। रक्षा और प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भर भारत पर निरंतर ध्यान देने के परिणाम दृष्टिगोचर होने लगे हैं। एक ऐसी व्यवस्था जो निर्माण, अनुसंधान एवं विकास, सार्वजनिक-निजी भागीदारी और अंतरिक्ष जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों में क्षमताओं पर केंद्रित है। इस क्षेत्रों में बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय रुचि इस बात का प्रमाण है कि इन क्षेत्रों की ओर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान जा रहा है।

रूस-यूक्रेन युद्ध पर कठोर रुख अपनाने के पश्चिमी दबावों के बावजूद भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए रणनीतिक स्वायत्तता की नीति को बनाए रखा है। इस व्यावहारिकता ने घरेलू मुद्रास्फीति को नियंत्रण में रखने में मदद की है, जबकि वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं उच्च ऊर्जा लागत की समस्या से जूझ रही हैं। भारतीय उपभोक्ताओं को कम ऊर्जा लागत की लाभ देने के सरकार के फैसले को वैश्विक वित्तीय संस्थानों द्वारा लचीलापन और जन-केंद्रित शासन के मॉडल के रूप में सराहा गया है। मध्य पूर्व में जैसे-जैसे इजराइल और हमास के बीच युद्ध बढ़ता गया, भारत ने एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया, दोनों पक्षों के साथ बातचीत की और अपने प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए मानवीय सहायता की पेशकश की। बातचीत और शांतिपूर्ण समाधान के लिए नई दिल्ली के आह्वान को अच्छा समर्थन मिला। इससे इस क्षेत्र में भारत की एक स्थिरता के समर्थक राष्ट्र की छवि मजबूत हुई है।

भारत ने पड़ोसी राष्ट्रों के साथ भी महत्वपूर्ण राजनयिक कुशलता का परिचय दिया है। भारत ने श्रीलंका और मालदीव में महत्वपूर्ण वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की, जिससे उनको अपनी अर्थव्यवस्थाओं को स्थिर करने में मदद मिली। भारत की सामयिक क्रेडिट लाइन की कोलंबो की सराहना और भारत की विकासात्मक भूमिका के लिए माले का समर्थन नई दिल्ली के क्षेत्रीय नेतृत्व में बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। बांग्लादेश में भारत स्थिर संबंधों को बनाए रखने में कामयाब रहा है, उन कार्यों से परहेज कर रहा है जो संबंधों को अस्थिर कर सकते हैं। फिर भी भारत को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि बांग्लादेश की नई सरकार और उसके पीछे के लोग ऐसा कोई कदम न उठाएं जो भारत के मूल हितों के लिए हानिकारक हो। एक क्षेत्रीय शक्ति के रूप में भारत का नेतृत्व अर्थव्यवस्था से परे सुरक्षा और कनेक्टिविटी तक है। भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग, अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा जैसी परियोजनाएं क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। आपदा प्रबंधन में प्रथम उत्तरदाता के रूप में इसकी भूमिका एक भरोसेमंद पड़ोसी के रूप में इसकी स्थिति को और मजबूत करती है।

वैश्विक मंच पर 2024 में भारत की जी20 की अध्यक्षता एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। दिसंबर 2023 में अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक समाप्त करते हुए भारत ने ऐतिहासिक उपलब्धि-अफ्रीकी संघ को जी20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करना और कमजोर अर्थव्यवस्थाओं की ऋण चिंताओं का समर्थन करना- प्राप्त करने के बाद इसका नेतृत्व ब्राजील को सौंप दिया। नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं और सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करने से ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में भारत की छवि मजबूत हुई। ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका दोनों ने इस विरासत को आगे बढ़ाया है। जी20 और क्वाड और ब्रिक्स जैसे अन्य समूह अपने आप में बहुपक्षीय मंच बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सक्रिय भारतीय भागीदारी और नेतृत्व ने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कि ये राजनीतिक विवादों के मंच के बजाय समस्या सुलझाने वाले निकाय बने। भारत एक वैश्विक विचारक नेता के रूप में उभरा है। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को वैश्विक सार्वजनिक के रूप में स्वीकार किया जाता है। मानव केंद्रित वैश्वीकरण पर पीएम मोदी के वन हेल्थ के दृष्टिकोण को मुख्यधारा में लाया गया है। जनसंख्या के रुझान और आर्थिक विकास के पैटर्न देखने से यह भी पता चलता है कि प्रधानमंत्री मोदी प्रवासन और गतिशीलता पर काम करने में दूरदर्शी है। भारतीय कौशल और उद्यमशीलता की उनकी गतिशीलता और क्षमताओं के कारण से अनेक राष्ट्रों में उनकी मांग बढ़ी है। अब जबकि वर्ष 2024 समाप्त हो रहा है, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने व्यावहारिकता, महत्वाकांक्षा और अनुकूलनशीलता का एक दुर्लभ मिश्रण प्रदर्शित किया है। राष्ट्रपति बाइडेन और ट्रंप समेत वैश्विक नेताओं के साथ व्यक्तिगत संबंध बनाने की मोदी की क्षमता भारत की भावी नीतियों के लिए लाभदायी है। चाहे सत्ता में कोई भी हो। उनका रणनीतिक नेतृत्व भारत को न केवल एक क्षेत्रीय शक्ति के रूप में बल्कि एक बहुध्रुवीय और न्यायसंगत विश्व व्यवस्था को आकार देने वाले एक वैश्विक राष्ट्र के रूप में दर्शाता है।

मुफ्त की चुनावी घोषणाएं बिगाड़ रहीं आर्थिक सेहत

दिल्ली चुनाव को अभी एक महीने से ज्यादा का समय बाकी है। उससे पहले दिल्ली की आम आदमी पार्टी ने महिला सम्मान योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत महिलाओं के खाते में हर महीने 1000 रुपए आएंगे। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के बाद इसको बदलकर 2100 रुपए करेंगे। चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की रेवड़ी बांटने वाली आप अकेली पार्टी नहीं हैं। जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, राजनीतिक दलों में खैरात बांटने की होड़ लग जाती है। इसका एकमात्र मकसद चुनाव जीतना है। इसके नुकसान-फायदों की राजनीतिक दलों का परवाह नहीं हैं। यह अलग बात है कि चाकू खरबूजे पर गिरे या खरबूजा चाकू पर, कटना तो खरबूजे को ही है। मसलन फ्री का माल लेने वाले को भी आखिरकार इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। किसी न किसी रूप में टैक्स का बोझ उन पर भी पड़ता है। फ्री की योजनाओं का फायदा उठाने वाले भी इससे बढ़ने वाली महंगाई की मार से बच नहीं सकते।

इससे पहले राजस्थान में विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वोटरों को फ्री में स्मार्टफोन और तीन साल के लिए फ्री इंटरनेट का वायदा किया था। गहलोत ने राज्य के हर परिवार को हर महीने 100 यूनिट तक फ्री बिजली फ्री देने का ऐलान किया था। मध्यप्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कांग्रेस की सरकार बनने पर हर परिवार को 100 यूनिट तक फ्री बिजली देने का वादा किया। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना के तहत सवा करोड़ गरीब महिलाओं के खाते में एक हजार रुपए जमा कराए। कांग्रेस ने वादा किया था कि उसकी सरकार आई तो हजार नहीं बल्कि 1,500 रुपये दिए जाएंगे। शिवराज ने युवाओं को लुभाने के लिए 12वीं कक्षा के कुल 9000 टॉपर्स को एक-एक स्कूटी देने का भी ऐलान किया था। चुनावी रेवड़ी बांटना का कल्चर शुरू से ही विवादों से घिरा रहा है। सुप्रीम कोर्ट, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, आर्थिक विशेषज्ञ, चुनाव आयोग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक इस पर चिंता जता चुके हैं। कोई भी राजनीतिक दल व्यापक देशहित से जुड़े ऐसे मुद्दों का समाधान तलाशना तो दूर बल्कि चर्चा तक करना नहीं चाहता। सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त राशन और अन्य मुफ्त योजनाओं पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आखिर लोगों को फ्री की रेवड़ी कब तक बांटी जाएगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान मुफ्त राशन देना समय की जरूरत थी, लेकिन अब रोजगार और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि देश के 81 करोड़ लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मुफ्त या सब्सिडी वाला राशन दिया जा रहा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताई और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, तो मतलब सिर्फ टैक्सपेयर्स ही ऐसे लोग हैं जिन्हें मुफ्त राशन नहीं मिल रहा है। यह स्थिति गंभीर विचार का विषय है। वर्ष 2022 में श्रीलंका का आर्थिक संकट सामने आया तो इसने दुनियाभर की सरकारों को चेता दिया। सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि श्रीलंका से सबक लेते हुए हमें मुफ्त के कल्चर से बचना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि श्रीलंका जैसी स्थिति भारत में नहीं हो सकती, लेकिन वहां से आने वाला सबक बहुत मजबूत है। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भी एक रैली में रेवड़ी कल्चर पर सवाल उठाए थे। पीएम मोदी ने कहा था कि आजकल हमारे देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की भरसक कोशिश हो रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। रेवड़ी कल्चर वालों को लगता है कि जनता जनार्दन को मुफ्त की रेवड़ी बांटकर उन्हें खरीद लेंगे। मोदी ने कहा था कि हमें मिलकर रेवड़ी कल्चर को देश की राजनीति से हटाना है।

भारत में ऐसी लुभावनी पर आर्थिक तौर पर घातक चुनावी वायदों की शुरुआत तमिलनाडु से मानी जाती है। वर्ष 2006 में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव में डीएमके ने सरकार बनने पर सभी परिवारों को फ्री कलर टीवी देने का वादा किया। डीएमके के इस चुनावी वादे को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। हालांकि, डीएमके जीत गई। वादा पूरा करने के लिए 750 करोड़ रुपये का बजट लगाया गया। मामला सुप्रीम कोर्ट में चल ही रहा था कि 2011 के विधानसभा चुनाव में विपक्षी अन्नाद्रमुक ने टीवी के जवाब में मिक्सर ग्राइंडर, इलेक्ट्रिक फैन, लैपटॉप, कम्प्यूटर, सोने की थाली आदि बांटने का वादा कर दिया। शादी होने पर महिलाओं को 50 हजार रुपये और राशन कार्ड धारकों को 20 किलो चावल देने का वादा भी किया। नतीजे आए तो अन्नाद्रमुक की सरकार बन गई। 2006 के चुनावी वादे पर जुलाई 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फ्रीबीज सभी लोगों को प्रभावित करती है, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की जड़ को काफी हद तक हिला देती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी आदेश दिया कि वो सभी राजनीतिक पार्टियों से सलाह-मशविरा कर एक आचार संहिता बनाए। इसके बाद 2015 में चुनाव आयोग ने राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए आचार संहिता जारी भी की, लेकिन उसके बावजूद चुनावों में फ्रीबीज का ऐलान होता ही रहा है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने कहा था, ऐसी योजनाएं जिनसे क्रेडिट कल्चर कमजोर हो, सब्सिडी की वजह से कीमतें बिगड़ें, प्राइवेट इन्वेस्टमेंट में गिरावट आए और लेबर फोर्स भागीदारी कम हो तो वो फ्रीबीज होती हैं। वर्ष 2022 पिछले साल आरबीआई की भी एक रिपोर्ट आई थी। इसमें कहा गया था कि राज्य सरकारें मुफ्त की योजनाओं पर जमकर खर्च कर रही हैं, जिससे वो कर्ज के जाल में फंसती जा रही हैं। स्टेट फाइनेंसेस- अ रिस्क एनालिसिस नाम से आई आरबीआई की इस रिपोर्ट में उन पांच राज्यों के नाम दिए गए हैं, जिनकी स्थिति बिगड़ रही है। इनमें पंजाब, राजस्थान, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल शामिल थे। चुनावी वादों के कारण बढ़ रही मुद्रास्फीती और महंगाई की मार आम लोगों पर पड़ रही है। बेरोजगारी बढ़ रही है। राजनीतिक दलों का इससे सरोकार नहीं है। सत्ता में आने के बाद सरकारें फ्री देने के वादे पूरा करने के लिए टैक्स का बोझ बढ़ाती जा रही हैं। होना तो यह चाहिए कि कोई राजनीतिक दल जब ऐसी मुफ्त की चुनावी घोषणाओं का ऐलान करे तो साथ ही यह भी बताए कि इसके लिए धन का इंतजाम कैसे किया जाएगा। मसलन इसके एवज में करदाताओं पर कितना बोझ पड़ेगा। जब तक हिसाब-किताब पारदर्शी नहीं होगा तब तक ऐसी योजनाओं देश पर बोझ साबित होती रहेंगी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत का 57वा प्रांत अधिवेशन में पहुंचे विष्णु दत्त शर्मा

शोभा यात्रा का किया स्वागत

सुनील यादव । सिटी चीफ
कटनी, कटनी जिले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत का 57वा प्रांत अधिवेशन 29 से 31 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। अधिवेशन में प्रांत के प्रत्येक जिलों का प्रतिनिधित्व और इसके माध्यम से छात्र, छात्राएं, प्राध्यापक वर्ग देश की वर्तमान स्थिति से लेकर शिक्षा व्यवस्था पर सामूहिक चिंतन कर रहे है। वही इस अधिवेशन में खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा यात्रा में शामिल होकर यात्रा का स्वागत किया .... सांसद ने पुष्पों की बारिश की

वी ओ 1 प्रदेश अध्यक्ष खुजराहों सांसद वी डी शर्मा ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि में जहां से प्रशिक्षित होकर आज इस स्थान पर खड़ा हूं... दुनिया के सबसे बड़े छात्र संगठन एबीवीपी छात्र संगठन का प्रदेश का प्रांत अधिवेशन हो रहा है शोभा यात्रा ओर खुला मंच में वह शामिल हुए है कटनी में आए कई जिलों के प्रतिनिधित्व का उन्हें स्वागत करने का मौके मिला है और ये आनन्द के छड़ है।

वी ओ 2 – कटनी जिले में होने वाले 57वा प्रांत अधिवेशन 29 से 31 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें शैक्षणिक परिदृश्य और वर्तमान परिदृश्य पर प्रस्ताव पारित करते हुए एक सकारात्मक पहल की जा रही है और आगे बढ़ने का प्रयास किया जा रहा है। कटनी में यह अधिवेशन 13 साल के बाद आयोजित हो रहा है। इस अधिवेशन में एक हजार छात्र शामिल हुए है। 29 दिसंबर को अधिवेशन का विधिवत उद्घाटन हो गया है। 30 दिसंबर यानि आज के दिन एक शोभायात्रा और खुले अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल होने और शोभा यात्रा का स्वागत करने खजुराहो के सांसद वी डी शर्मा पहुंचे। वही सासंद वी डी शर्मा से पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल की दिल्ली में होने वाली बैठक में क्या युवा पीढ़ी को इस बार मौका दिया जाएगा..इस सवालों का जवाब देते हुए सांसद वी डी शर्मा ने कहा कि दिल्ली में संगठन की बैठक लास्ट बैठक हो चुकी है और जिले के निर्वाचन और बहुत जल्द ही प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हैं वाले है।

बीजेपी विधायक के ड्राइवर पर पान दुकान संचालक पर हमला करने का आरोप

दुकान संचालक घायल, इलाज जारी, पुलिस ने पूरे मामले की जांच की जा रही है

सुनील यादव । सिटी चीफ
कटनी जिले के माधवनगर थाना क्षेत्र पीरबाबा स्थित पान दुकान के संचालक के सर पर बीजेपी विधायक संजय पाठक के ड्राइवर चरण यादव ने बेसबॉल से हमलाकर घायल कर दिया। घायल रवि चौरसिया के सर पर गंभीर चोटे आई है, इसका इलाज जिला अस्पताल में जारी है। घायल रवि चौरसिया ने आरोप लगाते हुए बताया कि विजयराघवगढ़ के बीजेपी विधायक संजय पाठक के ड्राइवर चरण यादव ने पुरानी रंजिश के चलते हमला किया है। आरोपी ड्राइवर चरण यादव विधायक के रॉब के चलते वह काई बार उसकी दुकान में अपने दोस्तो के साथ आ कर पान खा लेते थे और पैसे नहीं देते थे और चरण यादव द्वारा पिछले काई माह पहले भी मारपीट की थी लेकिन समझौता हो गया था, लेकिन आज फिर विधायक के ड्राइवर चरण यादव ने घायल रवि चौरसिया से बात विवाद किया और गाड़ी में रखे बेसबॉल से उसके सर पर हमला कर घायल कर दिया। जिस जगह पर मारपीट हुई उस जगह के सीसीटीवी वीडियो भी वायरल हो रहे है। वही घायल रवि चौरसिया का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। माधवनगर की पुलिस ने बताया कि इस पूरे मामले में पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

दक्ष करेंट अफेयर्स कान्टेस्ट में रत्ना ने पाया प्रथम स्थान

आज सांसद भारती पारधी करेंगी प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान

लकेश पंचेश्वर । सिटी चीफ
लालबर्रा, दक्ष फैशन हाउस के तत्वावधान में आयोजित 'दक्ष करेंट अफेयर्स प्रतियोगिता' का परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। इसमें मगरकठा (बरघाट) निवासी रत्नासागर परिमल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर श्रीमती निधि धानेश्वर अमोली और तृतीय स्थान पर सावि धानेश्वर बैहर रहीं। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मंगलवार को सांसद श्रीमती भारती पारधी के हाथों प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान समारोह मानपुर स्थित लक्ष्मी लॉन में %न्यू ईयर सेलिब्रेशन% के अवसर पर आयोजित होगा। गौरतलब है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को मंच प्रदान करने और उनकी प्रतिभा उजागर करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को

लक्ष्मी लॉन में हुए इस कार्यक्रम में करेंट अफेयर्स से जुड़े 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए थे, जिन्हें 40 मिनट में हल करना था। आयोजन की सफलता के लिए आयोजक तरुण भोजपाल और कार्तिक अवधवाल ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इशांत, रितिक और मासूम का भी होगा सम्मान लालबर्रा क्षेत्र के तीन युवाओं ने हाल ही में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल की है। इनमें छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में चयनित इशांत ठाकरे, सीआरपीएफ में चयनित रितिक कटरे और बीएसएफ में चयनित मासूम तेम्भरे शामिल हैं। इन युवाओं को भी सांसद श्रीमती भारती पारधी के हाथों सम्मानित किया जाएगा।

रानी दुर्गावती अभ्यारण्य एवं नौरादेही अभ्यारण्य कोर जोन एवं चिहिन्त ईको सेन्सेटिव जोन अतिसंवेदनशील

वन्य प्राणी बाहुल्य क्षेत्र को दृष्टिगत रखते हुये जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने किया आदेश जारी

धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ दमोह, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 जनवरी 2025 को नये वर्ष का पर्व मनाया जायेगा। दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं के अंतर्गत रानी दुर्गावती अभ्यारण्य एवं नौरादेही अभ्यारण्य कोर जोन,एवं चिहिन्त ईको सेन्सेटिव जोन, अतिसंवेदनशील वन्य प्राणी बाहुल्य क्षेत्र को दृष्टिगत रखते हुये जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत संरक्षित क्षेत्र के समीप नववर्ष पूर्व संध्या पर पार्टी/जलसा का आयोजन, तीव्र ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग आज 31 दिसम्बर 2024 दोपहर 12 बजे से 01 जनवरी 2025 रात्रि 12 बजे तक पूर्णत: प्रतिबंधित किया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 तथा अन्य समस्त प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। जारी आदेश में कहा गया है इस अवधि के दौरान उक्त क्षेत्र में सड़क

पर/जंगल/नदी के समीप किसी भी प्रकार की अनाधिकृत गतिविधि/पार्टी/शराब पीकर गाड़ी चलाने/10 से अधिक व्यक्तियों का जमावड़ा पाये जाने अथवा किसी भी प्रकार की गतिविधि जिसमें आमजन तथा सैलानियों को असुविधा/समस्या हो अथवा वन प्राणियों के दैनिक क्रिया-कलाप प्रतिकूल प्रभाव पड़े अथवा किसी भी प्रकार के कानून एवं शांति व्यवस्था को बाधित किया जाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेंगे। यह आदेश सर्व साधारण को सम्बोधित है एवं परिस्थितियां ऐसी है कि समय अभाव के कारण सर्व साधारण को सूचना तामील नहीं की जा सकती और न ही सर्व साधारण से आपत्तियाँ प्राप्त की जा सकती है। अत: यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(2) के अंतर्गत एक पक्षीय पारित किया जाता है। आदेश का प्रचार-प्रसार स्थानीय समाचार पत्रों/इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से कराया जावे।

हाईवे किनारे पर खोदकर छोड़े गए गड्ढे में गिरी कार और बाइक

कार चालक समेत चार लोग हुए घायल

गौरव सिंघल । सिटी चीफ
बिहारीगढ़ । सहारनपुर (दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे-307 पर दून कॉलेज के पास खोदकर छोड़े गए गड्ढे में कार और बाइक गिर गई। जिसमें कार चालक समेत चार लोग घायल हुए, जिन्हें देहरादून के एक अस्पताल में भिजवाया। यह हादसा कार्यदायी निर्माण कंपनी की लापरवाही से हुआ। गड्ढे के आसपास न कोई अवरोधक चिह्न है और न ही कोई संकेतक बोर्ड है।

दरअसल, बिहारीगढ़ में दिल्ली-देहरादून हाईवे पर दून कॉलेज के पास कार्यदायी कंपनी एनएचएआई निर्माण एक्सप्रेस-वे

का कार्य करा रही है। यहां हाईवे के बीचों बीच गड्ढा खोदकर छोड़ा हुआ है। बीती रात इस गड्ढे की वजह से दो हादसे हुए। पहला देहरादून की तरफ जा रहे बाइक सवार गड्ढे में जा गिरे। जिससे वे घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें किसी तरह बाहर निकाला जबकि उनकी बाइक अंदर ही पड़ी रही। इसके बाद दूसरा हादसा हुआ। जिसमें देहरादून से दिल्ली जा रही टूरिस्ट टैक्सी कैब चालक व उसमें सवार तीन यात्री कार सहित गड्ढे में बाइक के ऊपर जा गिरे। बताया गया है कि चालक साजिद सवारियों को लेकर देहरादून से दिल्ली जा रहा था। राहगीरों ने बमुश्किल गड्ढे से सभी को बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें देहरादून के एक अस्पताल में भिजवाया। गनीमत यह रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।दिन निकलने पर पुलिस ने क्रेन की मदद से कार और बाइक को बाहर निकलवाया और चौकी पर खड़ा कराया। हादसों के पीछे निर्माण कंपनी की लापरवाही सामने आ रही है। गड्ढे के आसपास ना तो कोई अवरोधक रखा गया है और ना ही कोई संकेतक बोर्ड लगा है।

रामेश्वर चौधरी संगठन महामंत्री, जिला निगरानी सतर्कता समिति के सदस्य ने सैकड़ो समर्थकों के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष के लिए पेश की दावेदारी

धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी सिटी दमोह, भाजपा के संगठन महामंत्री , जिला निगरानी सतर्कता समिति के सदस्य रामेश्वर चौधरी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ दमोह जिला संगठन चुनाव अधिकारी जबलपुर सांसद पंडित आशीष दुबे और शिवपुरी के पूर्व विधायक दमोह जिले के पर्यवेक्षक नरेंद्र बिल्थरे के समक्ष अपनी दावेदारी पेश की। इस दौरान संगठन महामंत्री, जिला निगरानी सतर्कता समिति के सदस्य ने संबोधित करते हुए कहा है कि में विगत 25 वर्षों से निरंतर संघ और भाजपा का कार्य कर रहा हूं। साथ ही दमोह जिले में आयोजित होने वाले सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़ रहे चढ़कर सहभागिता दर्ज कराई है। संगठन ने जो दायित्व दिया है उसका कुशल निर्वाहन किया है। उन्होंने कहा है कि यदि मुझे संगठन में भाजपा जिला अध्यक्ष का दायित्व दिया गया तो निश्चित रूप से संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत किया जाएगा। इस दौरान रामेश्वर चौधरी के साथ सैकड़ों समर्थकों की मौजूदगी ने मेरे साथ आकर मुझ पर जो विश्वास जताया है। उसका में अपने सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करता हूं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यदि संगठन अनुसूचित जाति के चेहरे को आगे करता है तो यह पहला मौका होगा कि किसी अनुसूचित जाति को जिला अध्यक्ष बनाया जाएगा जिसमें रामेश्वर चौधरी का नाम सबसे आगे है जातिगत समीकरण देखें तो जिले में अनुसूचित जाति समुदाय की सबसे बड़ी आबादी है जो सबसे बड़ा दूसरा वोट बैंक है।

सहारनपुर की महिमा हॉकी इंडिया लीग में खेलेंगी

गौरव सिंघल । सिटी चीफ
सहारनपुर, सहारनपुर निवासी हॉकी खिलाड़ी महिमा चौधरी 12 जनवरी से शुरू हो रही हॉकी इंडिया लीग (महिला) में बंगाल टाइगर्स के लिए खेलेंगी। आक्शन में बंगाल टाइगर्स ने महिमा तो 10 लाख रुपए में खरीदा है। महिमा की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। महिमा चौधरी सहारनपुर महानगर के तोता चौक क्षेत्र की रहने वाली है, इनके पिता संदीप चौधरी मेडिकल स्टोर चलाते हैं। महिमा शुरू से ही हॉकी की बेहतरीन खिलाड़ी रही है, जिसकी बदौलत उसका चयन खेल छात्रावास सोनीपत के लिए हुआ है। कई साल वहां रहकर वह अपने खेल प्रदर्शन में निखार लाई। जनवरी 2024 में हुई 5-ए साइड हॉकी विश्व कप प्रतियोगिता में महिमा ने फाइनल मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ दो गोल दागे थे। हालांकि इस मुकाबले में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन टीम को रजत दिलाने में महिमा का बड़ा योगदान था। अब 12 से 26 जनवरी

तक झारखंड के रांची शहर में होने वाली हॉकी इंडिया लीग के लिए महिमा को बंगाल टाइगर्स की टीम में लिया गया है। हॉकी कोच शारिक हुसैन ने बताया की महिमा अपने प्रदर्शन की बदौलत 2028 में होने वाले ओलंपिक की भी दावेदार मानी जा रही है। वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी फुरकान अहमद, यशपाल सिंह पुंडीर, नवीन चंद शर्मा, सुरेश पाल, संदीप भट्ट, उषा गुप्ता, शालिनी रावत, शिवानी रावत, निखिल कुमार, आसिफ अली, विशु, सागर नंदा ने खुशी व्यक्त की है।

अनूपपुर के थाना करनपठार क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में 03 घायल

डायल 112 जवानों ने पहुँचाया अस्पताल

सुशिल सोनी । सिटी चीफ
अनूपपुर, अनूपपुर के थाना करनपठार क्षेत्र में जिंदा टोला गाँव में दो मोटर साईकिल की टक्कर हो जाने से एक बुजुर्ग एवं अन्य 02 व्यक्ति घायल हो गए है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में दिनाँक 30-12-2024 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल करनपठार थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ प्रधान आरक्षक विमल सिंह एवं पायलेट दिनेश लाल ने मौके पर पहुँचकर बताया कि दो

मोटर साईकिल की आमने-सामने की टक्कर हो जाने से धीरु सिंह श्याम उम्र 65 वर्ष, कोमल सिंह श्याम उम्र 45 वर्ष तथा अजीत करचाम उम्र 40 वर्ष सभी निवासी ग्राम कोहका थाना करन पठार घायल हो गए थे । डायल-112 स्टाफ ने सभी घायलों को एफ़ आर व्ही वाहन से ले जाकर बेनीबारी अस्पताल में भर्ती करवाया जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है।

आमजन के स्वास्थ्य के साथ न हो खिलवाड - अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. अर्चना द्विवेदी

अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक

गौरव सिंघल । सिटी चीफ

सहारनपुर, जिलाधिकारी सहारनपुर मनीष बंसल के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक आहूत की गई। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने सभी खाद्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिलावटखोरों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। खाद्य पदार्थों के तहत विविध पदार्थों के सैम्पल संग्रह किए जाएं। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 तत्संबंधी नियमवाली 2011 के प्रावधानों के अंतर्गत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों की रसोई चेक कर साफ सफाई सुनिश्चित कराएं। आमजनमानस के साथ ही छोटे दुकानदारों को भी मिलावटी खाद्य पदार्थों से स्वास्थ्य पर पडने वाले प्रतिकूल प्रभाव से जागरूक किया जाए।

डॉ0 अर्चना द्विवेदी ने कहा कि मिलावटी खाद्य सामग्री एवं पेय पदार्थों पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। माननीय न्यायालय में लंबित वादों की प्रभावी पैरवी कर मामलों का निस्तारण किया जाए। सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं को लाईसेंस एवं पंजीकरण से आच्छादित किया जाए। खाद्य कारोबारकर्ता को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के बारे में कैम्पों एवं नियमित निरीक्षणों के माध्यम से जागरूक किया जाए। सभी पंजीकृत दुकानों पर 1076 हैल्पलाईन नम्बर चस्पा किया जाए जिससे खाद्य पदार्थों में शिकायत होने पर कोई भी आमजन शिकायत दर्ज करा सके।

एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित प्रोग्राम के माध्यम से री-यूज्ड कुकिंग ऑयल की मौके पर जांच की जाए। री-यूज्ड कुकिंग ऑयल कार्यक्रम के अंतर्गत खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा तीन बार प्रयोग किये गये तेल के बचे अंश को बायोडीजल कम्पनी को देने के प्रावधान का क्रियान्वयन किया जाए। अगर कोई री-यूज्ड कुकिंग ऑयल तीन बार से अधिक बार इस्तेमाल करता पाया जाए तो उसके विरूद्ध विधिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने सहायक आयुक्त खाद्य को निर्देशित किया कि अजीनोमोटो से होने वाले नुकसान के बारे में आमजन को जागरूक करें। इस अवसर पर सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय पवन कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी कोमल सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सबसे पहले काम है हम अपना करियर बनाएं

खेतिया बड़वानी जिला पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर के नेतृत्व में संपूर्ण जिले में सृजन अभियान के तहत विभिन्न आयोजन हो रहे हैं पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल पाटीदार अनु.अधिकारी पुलिस आयुषअलावा के मार्गदर्शन में नगर निरीक्षक सुरेंद्र कनेश के नेतृत्व में कन्या विद्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को अपने भविष्य के संबंध में चिंता करने को लेकर उत्कर्ष अभियान की प्रभारी महिला प्रधान आरक्षित प्रीति यादव ने यह बात कही। सुश्री प्रीति यादव ने नारी शक्ति के सशक्तिकरण के साथ-साथ कन्याओं को निडर रहने वह बेझिझक अपनी समस्याओं को लेकर अपने माता-पिता से चर्चा करने के साथ-साथ आवश्यकता पड़ने पर पुलिस के समक्ष भी सच्चाई रखने से ही निष्पक्षता से कार्रवाई की जासकती है,उन्होंने कन्याओं को कानूनी जानकारी देने के साथ प्रशासनिक सेवाओं हेतु तैयारी करने की सलाह भी दी। सृजन अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक डावर के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर विभिन्न आयोजन हो रहे हैं जिसके चलते आज बड़ी संख्या में कन्याओं की उपस्थिति में सहायक उप निरीक्षक कमल सिंह चौहान व महिला प्रधान आरक्षक प्रीति यादव ने कन्याओं का मार्गदर्शन किया इस दौरान संस्था के प्राचार्य नरेंद्र पाटिल व शिक्षक संजय पटेल भी उपस्थित रहे

ग्रामीण आदिवासी समुदाय के लोगों से धोखाधड़ी कर फरार होने वाले बंगाली डाक्टर को न्यायालय से कारावास

बड़वानी - प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती संध्या मनोज श्रीवास्तव ने अपने एक फैसले में आरोपी डाक्टर कार्तिक चंद्र मंडल उर्फ मीनल पिता पूर्णचंद्र, निवासी - 24 परगना पश्चिम बंगाल को 3 वर्ष का कारावास व अर्थदंड से दंडित किया। शासन की ओर से प्रकरण में पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक शिवपाल सिंह सिसोदिया ने की। प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि आरोपी कार्तिक चंद्र मंडल ग्राम पलसुद में पिछले कई सालों से क्लीनिक संचालित कर डाक्टरी कर रहा था इसी दौरान उसने लोगों का विश्वास जीतकर गिरवी गांठें का काम करने लगा। उसने 24 अप्रैल 2020 से 8 जुलाई 2020 के मध्य क्षेत्र के ग्रामीण एवं आदिवासी समुदाय के लोगों आवश्यकता पड़ने पर 2 रूपए सैकड़ा पर रकम गिरवी रख कर उनकी रकमें तथा अन्य लोगों से रूपए उधार लेकर फरार हो गया। आरोपी द्वारा 18 किलो 500 ग्राम चांदी तथा 70 ग्राम सोना लोगों की गिरवी रख तथा लाखों रुपए उधार ले फरार होने का आरोप है। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध शिकायत पर पुलिस पलसुद द्वारा धारा 406,418,420 भादंसं धारा 61 मध्यप्रदेश निक्षेपको के हितों का संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी के विरुद्ध शासन द्वारा अपने साक्ष्य, दस्तावेज के आधार पर अभियोजक ने न्यायालय में प्रकरण सिद्ध किया गया, जिस पर न्यायालय द्वारा आरोपी को 3 वर्ष कारावास व अर्थदंड से दंडित किया। गौरतलब है कि शासन के निर्देश के बाद भी साहुकारों द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जनजाति समुदाय के लोगों से रकम गिरवी रख कर ऊंची ब्याज दर पर वसुली कर वारे न्यारे का काम आज भी जारी है डाक्टर जैसे लोग इसके उदाहरण हैं ।

विद्यार्थी जीवन का अनुशासन ही भविष्य का निर्माण करता है, सफलता के लिए संकल्प करें प्रतिस्पर्धा से कभी नहीं डरे, खेतिया बालक विद्यालय में होगा सीएम राइज स्कूल- विधायक श्याम बर्डे

खेतिया- मध्य प्रदेश शासन की महत्वपूर्ण योजना के तहत विधायक श्याम बर्डे ने आज बालक व कन्या विद्यालय के संयुक्त आयोजन में 94 छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण किया। विधायक बर्डे ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा से कभी डरे नहीं, विद्यार्थी जीवन का अनुशासन सफल बनाता है हमारे माता-पिता हमें पढ़ने के लिए विद्यालय भेजते हैं माता-पिता का सर गौरव से ऊंचा रहे यही हमारा प्रयास रहना चाहिए, विद्यालयों को लेकर कोई कमी नहीं रखी जाएगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं ऐसे में आपकी शिक्षा को लेकर कोई कमी नहीं रखी जाएगी अच्छे अध्ययन करने वाले विद्यार्थी शासन की सहायता से विदेश में भी अध्ययन कर नाम कमा रहे हैं।वही खेतिया बालक विद्यालय में सीएम राइज स्कूल होने की घोषणा की। साइकिल वितरण समारोह में विधायक श्याम बर्डे ने कन्या विद्यालय के प्रांगण में मां सरस्वती का पूजन अतिथियों सहित कर बच्चों को साइकिल वितरित करते हुए उत्साहित किया है विधायक श्री बर्डे ने कहा कि नि:शुल्क सायकिल वितरण से जो बच्चे दूर स्कूल नही आ पाने से अपनी शिक्षा छोड़ देते थे उनके लिये सहायक है,कार्यक्रम के दौरान कन्या विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिकनृत्य प्रस्तुत किये जाने पर प्रोत्साहित करते हुए पारितोषिक दिया,विद्यर्थियों को परीक्षा तक मोबाइल से दूरी बनाने की सलाह देते हुए सभी को सफलता मिलने व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी प्रेषित की।साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता हीरालाल संचेती ने भी छात्र-छात्राओं को संबोधित किया कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष दशरथ निकुम, भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष रामचंद्र सोनीस जनपद अध्यक्ष शीला वसावे, नगर पंचायत के पार्षद गण बड़ी संख्या में खेतिया एवं पानसेमल के वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी ,व अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के आरंभ में कन्या विद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र पाटिल ने विद्यालय की प्रगति प्रतिवेदन के साथ अपनी बात रखी वहीं कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुए बालक विद्यालय के प्राचार्य मधुकर पटेल ने करते हुए आगामी समय में बालक विद्यालय में कार्यक्रम उत्साह से आयोजित करने की बात कही संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संजय पटेल ने किया। बालिकाएं साइकिल मिलने पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद करती दिखाई दी वही साइकिल मिलते ही बालक विद्यालय के छात्र साइकिल चलाकर अपने घरों की ओर निकल गए। मध्य प्रदेश शासन की अनूठी पहल पर आज विद्यार्थियों में अत्यंत उत्साह देखा गया। विधायक श्री बर्डे वरिष्ठ सहकारी नेता स्व0हरेंद्र हरसोला के निधन पर एवं सतीश चौधरी के परिवार में हुई गमी में कार्यकर्ताओं सहित शौक व्यक्त करने पहुंचे।

खुले नलकूप व बोरबेल के विरुद्ध झाबुआ पुलिस द्वारा की जाएगी कार्यवाही

झाबुआ-पुलिस अधीक्षक झाबुआ पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा समस्त थाना, चौकी व बीट प्रभारियों को जिले में खुले पड़े नलकूप व बोरवेल की जानकारी एकत्रित कर उन्हें विधिवत बंद कराने हेतु निर्देशित किया गया है।बोरिंग फेल होने या उसमे पानी न आने के पश्चात मालिक उसे खुला छोड़ देते है, खुले बोरवेल या नलकूपों में इंशानो व जानवरों के गिरने से होने वाली घटनाओं या जानलेवा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित बोरवेल व नलकूप मालिको, बोरवेल मशीन मालिको की मीटिंग बुलाकर उन्हें समझाइश देने हेतु निर्देशित किया गया है।साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन से भी प्रचार प्रसार के माध्यम से खुले बोरिंग व नलकूपों को विधिवत बंद कराने हेतु अपील की जा रही है। खुले नलकूप व बोरवेल पाए जाने पर समस्त जिम्मेदारी संबंधित भूमि मालिक, नलकूप मालिक व बोरवेल मशीन मालिको की होगी।



राष्ट्रवाद-धर्म जागरण एवं सनातन संस्कार की पाठशाला में पहले दिन काफी बच्चे हुए उपस्थित

झाबुआ।राष्ट्रवाद-धर्म जागरण एवं सनातन संस्कार की पाठशाला में पहले दिन बच्चों को सामान्य ज्ञान की बातें पाठशाला में बताई गई। सर्वप्रथम हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। सामाजिक समरसता के लिए आगामी दिनों में पाठशाला आने का दिया जा रहा है न्योता..... सभी अपने बच्चों और युवाओं के साथ पाठशाला में अवश्य पधारने की कृपा करें,यह अपील विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जिले की जनता से की है।

रिश्वत लेते ट्रैप ,सचिव शानू पुरोहित को 4 साल के श्रम कारावास की सजा

कोर्ट ने 18 महीने में कर दिया फैसला

रतलाम, मकान के पट्टे के नामातंरण के लिए रिश्वत लेने वाली तत्कालीन सचिव शानू पुरोहित को विशेष न्यायाधीश आदित्य रावत ने 04 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 2000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया। न्यायाधीश ने प्रकरण में 18 माह में फैसला सुनाया। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक कृष्णकांत चौहान द्वारा की गई। जिला अभियोजन अधिकारी जिला गोविन्द प्रसाद घाटिया ने जानकारी में बताया गया कि 08 फरवरी 2019 को गोपाल पिता नंदराम पाटीदार निवासी ग्राम मचुन ने लोकायुक्त कार्यालय उज्जैन में उपस्थिति होकर एक लिखित शिकायत आवेदन पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया कि मैंने मांगीलाल पाटीदार से दो लाख पचास हजार रुपए में मकान खरीदा था, उक्त मकान के पट्टे का नामातंरण करने के लिए मैंने ग्राम पंचायत मचुन में आवेदन दिया था, किन्तु ग्राम पंचायत मचुन की सचिव शानू पुरोहित मुझसे उक्त जमीन के पट्टे का नामातंरण करने के ऐवज में 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी, तो मैनें 9,000/- रुपए सचिव पुरोहित को दिए। एक हजार रुपए बाकी थे।

रिश्वत संबंधी बातचीत कार्रवाई रिकॉर्ड आवेदक गोपाल पाटीदार द्वारा दिए गए आवेदन पर उप पुलिस अधीक्षक अंतिम पंवार, विपुस्था लोकायुक्त कार्यालय उज्जैन ने रिश्वत की मांगने की जाने की पुष्टि के लिए आवेदक को रिश्वत संबंधी वार्तालाप को गोपनीय रूप से रिकॉर्ड करने के लिए शासकीय डिजिटल वाईस रिकॉर्डर दिया तथा आरोपिया पुरोहित और आवेदक गोपाल पाटीदार के मध्य हुई रिश्वत संबंधी बातचीत की रिकॉर्डिंग कराई गई। रिश्वत संबंधी बातचीत के दौरान आरोपिया पुरोहित ने कहा कि मकान के पट्टे के नामातंरण के कागजात तैयार कर दिए है, तुम एक हजार रुपए लेकर 2-3 दिन में आ जाना और मकान के पट्टे का नामातंरण ले जाना।

किया रिश्वत लेते हुए ट्रेप तत्पश्चात रिश्वत की मांग प्रमाणित पाए जाने पर, विधिवत ट्रैप कार्रवाई दिनांक 14.02.2019 को ग्राम पंचायत मचुन जिला रतलाम से आरोपिया शानु पुरोहित को आवेदक गोपाल पाटीदार से 1000/- रुपए रिश्वत लेते हु लोकायुक्त के निरीक्षक अंतिम पंवार के द्वारा ट्रेप किया गया।

न्यायाधीश ने सुनाई सजा विवेचना में अपराध प्रमाणित पाए जाने पर आरोपी के विरूद्ध अभियोजन स्वीकृति प्राप्त कर विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त कार्यालय उज्जैन द्वारा आरोपिया के विरुद्ध अभियोग पत्र विशेष न्यायालय रतलाम में दिनांक 28 जून 2023 को प्रस्तुत किया गया। विचारण उपरांत विशेष न्यायालय रतलाम द्वारा आरोपिया शानु पुरोहित, उम्र 25 वर्ष, ग्राम पंचायत मचुन, तहसील पिपलौदा जिला रतलाम को दोषसिद्ध किया गया।

लव जिहाद प्रदीप सोलंकी निकला मोहसीन, यौन शोषण का हुआ केस दर्ज

युवती ने परिजनों के साथ थाने पहुंच कर की शिकायत

खरगोन खरगोन शहर थाने पर युवती द्वारा लव जिहाद मामले की शिकायत की गई। युवती ने पुलिस को बताया कि करीब तीन साल पहले मुस्लिम युवक ने खुद का नाम प्रदीप बताकर दोस्ती की, प्यार के जाल में फंसाया और यौन शोषण भी किया। जब बात शादी तक पहुंची तो लड़के ने बताया कि उसका नाम मोहसीन है। युवती ने आरोपी सहित अपनी एक सहेली के विरूद्ध शिकायत की है। शिकायत में युवती ने आरोपी पर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने व धमकाने के आरोप लगाए हैं।

युवती ने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई है। युवती ने बताया कि वह किराए के मकान में रहती है और एक बेकरी में काम करती है। करीब तीन साल पहले साथ में काम करने वाली एक सहेली ने आरोपी को हिंदू बताकर दोस्ती करवाई थी। आरोपी मोहसीन ने अपना नाम प्रदीप निवासी कसरावद बताया था। युवती ने बताया कि कुछ दिन मिलने के बाद वह मेरे कमरे पर आने-जाने लगा। इस दौरान उसने जबरदस्ती संबंध भी बनाए। बात शादी तक भी पहुंची थी। कुछ दिन बाद उसने मुझसे कहा कि उसका नाम प्रदीप नहीं मोहसीन है। यह सुन कर मैं चौंक गई और उससे दूरी बनाने की कोशिश की, तो उसने मुझसे शादी का दबाव बनाते हुए कहा कि वह उसके अश्लील वीडियो वायरल कर देगा। परेशान होकर पुलिस को शिकायत करने की हिम्मत की।युवती के साथ हुई इस घटना पर थाने पहुंचे हिन्दू संघटन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। यह लव जिहाद की घटना है। यदि इस बेटी के साथ इंसाफ नहीं हुआ और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन करेंगे। थाना प्रभारी बीएल मंडलोई ने बताया कि धार जिले के मनावर निवासी आरोपी मोहसीन मुल्तानी के विरुद्ध मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021, दुष्कर्म व अजा-अजजा एक्ट ,आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी मोहसीन को मनावर पुलिस ने हिरासत में ले कर, जिसे गिरफ्तार करने के लिए खरगोन पुलिस टीम रात को ही रवाना हुई। वहीं पीड़िता की सहेली सुनीता के विरुद्ध भी प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों आरोपी फिलहाल जेल में है

105 रोगियों ने लिया स्वास्थ्य शिविर का लाभ

(पूर्व सरपंच मनोहर कावड़िया की स्मृति में संपन्न हुआ आयोजन)

झाबुआ

मेघनगर के समाजसेवी, पूर्व सरपंच स्व श्री मनोहरजी कावड़िया (नेताजी) की 10वी पुण्यतिथि पर रोटरी क्लब अपना के तत्वाधान में जुपिटर हॉस्पिटल बड़ौदा द्वारा अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक, महिला, तरुण परिषद के सहयोग से नि:शुल्क सर्वरोग निदान शिविर का आयोजन रविवार 29 दिसंबर को महावीर भवन मेघनगर में संपन्न हुआ।

उक्त जानकारी देते हुए परिषद के प्रवक्ता दिविक कावड़िया एवम् श्रीमती वर्षा जैन ने बताया कि इस शिविर में 105 मरीजों ने पंजीयन करवाकर अपनी जांच करवाई गई। साथ ही बताया कि रोटरी क्लब अपना के तत्वाधान में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ श्री मनोहर कावड़िया के चित्र पर माल्यार्पण कर, डॉ विनीत कायथ, डॉ. मोहित, डॉ. अंकित शाह, डॉ. विजय डाबी, डॉ. चंदन, डॉ. किशोर नायक, शांतिलाल लोढ़ा, महेंद्रसिंह सोलंकी, रवि सुराणा, देवेंद्र जैन, रवि जैन द्वारा किया गया। पश्चात रोटे. विनोद बाफना द्वारा स्वागत उद्बोधन किया गया, रोटे महेश प्रजापत द्वारा मंत्र उच्चारण किया गया। न्यूरो, गैस्ट्रो, गायनेक आदि से पीड़ित 105 लाभार्थियों का परीक्षण कर उन्हे उचित सलाह दी गई और दवाईयां भी नि: शुल्क उपलब्ध करवाई गई।

शिविर के समापन पर समस्त डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ का रोटरी, परिषद और कावड़िया परिवार द्वारा बहुमान भी किया गया।

इस अवसर पर मनोहरलाल चौरडिया, दिलीप कोठारी, मांगीलाल नायक, रहीम शैरानी, जयंत सिंघल नरेंद्र रांका, पंकज रांका, शरद बाफना, पंकज बागरेचा, नीमाजी, राजेश बागरेचा, फारुख शेरानी, श्रीमती साधना लुणिया, कल्पना राका, श्रीमती माया शर्मा, श्रीमती सोलंकी, अलका लोढ़ा सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रजत कावड़िया ने किया, आभार रोटे भरत मिस्त्री ने माना।

भाटखेड़ी में जनकल्याण शिविर

उज्जैन

मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत भाटखेड़ी में शासन की योजनाओं की जानकारी एवम पात्र हितग्राही को योजना का लाभ मिले इस हेतु शिविर लगाया गया । शिविर में भारतीय जनता पार्टी खाचरोद ग्रामीण उत्तर के मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाटीदार एवं पूर्व जनपद पंचायत सदस्य महेश पाटीदार उपस्थित रहे शिविर में पात्र हितग्राहीयों को योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन लिए गए इस अवसर पर ग्रामीणजन एवं सरपंच सचिव एवं पंचगण उपस्थित थे ।

पीएचई की जल जल और सड़को की हालत खराब

जिला पंचायत बैठक में सोलंकी हुए नाराज

उज्जैन

जिला पंचायत की प्रतिमाह होने वाली बैठक के जिला पंचायत के वार्ड नंबर 14 से जिला पंचायत सदस्य ओर महिला बाल विकाश ओर पी एच ई सभापति श्रीमतीराधिका कुंवर गजेन्द्रसिंह सोलंकी पी एच ई विभाग द्वारा गांव गांव की नल जल अव्यवस्था ओर गांवों में पीडब्ल्यूडी और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा बनी सड़कों जो कि कई जगह गड्ढों में तब्दील हो रही इन अव्यवस्था ओर खूब नाराज हुई ! जिला पंचायत की बैठक में श्रीमती सोलंकी ओर उनके प्रतिनिधी गजेन्द्रसिंह सोलंकी ने बताया कि खाचरोद क्षेत्र में कई गांव ऐसे है जहा सही तरीके से काम नहीं हुआ और आज भी नलों से स्टैंड सही से नहीं लगे जो ऐसे ही पड़े हुई है नलों के लिए लगाए हुए पाइप नालियों के ही पड़े हुए है ओर यहां पीएचई के अधिकारी सुधांशु जाएं के द्वारा एसी योजनाओं को पूर्ण बता दिया गया है ! सोलंकी ने पीएचई अधिकारी पर ठेकेदार से मिली भगत पर लेने के आरोप लगाते हुए कहा कि जहां काम अधूरा है वहां भी लेन देन करके इसको पूरा बताया दिया जा था है, सोलंकी ने बताया कि मेरे द्वारा चांपानेर, श्रीवच्छ, आक्याजागीर, सकतखेड़ी, डोडिया, केसरिया, मीन, उमरना, उमरनी, बटलावदी आदि अनेकों गानों में स्वय जब में गया और देखा तो काफी अव्यवस्था काम में पड़ी हुई है ओर कार्य पूर्ण बता दिया गया जो कि धरातल पर सही नहीं है ! सोलंकी ने जिला पंचायत की बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी के चेतावनी देते हुए बताया कि अगर उनके क्षेत्र के इस प्रकार के अधूरे ओर अव्यवस्थित कार्यों को सही नहीं किया गया तो, आगामी बैठक के साथ ही जन सुनवाई ओर मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 181 पर भी शिकायत की जाएगी ! **डोडिया चापाखेड़ा रोड को रहा मुद्दा** डोडिया से चांपाखेड़ा तक पीडब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत डामरीकरण रोड बना हुआ है किंतु इस रोड के बनने के दौरान ही चापाखेड़ा में जहां से रोड प्रारंभ हो रहा है वहां रोड के स्थान पर यहां कीचड़ ही कीचड़ व्याप्त है और ऐसा लगता है कि यहां रोड नहीं बल्कि नाला है रोड के दोनों और नालियां नहीं होने से रोड पर ही गंदा पानी बहता है और इस और अधिकारी और ठेकेदार के द्वारा 5 साल बीत जाने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण राहगीरों के साथ ही आसपास रहने वालों को भी ऐसी गंदगी में ही रहने पर मजबूर होना पड़ रहा है इसका जल्दी ही निराकरण करवाने की बात श्री सोलंकी के द्वारा कही !

कलेक्टर ने की मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व और राजस्व महाअभियान के कार्यों की समीक्षा

नरसिंहपुर

शिविरों में नोडल अधिकारी रहे मौजूद

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिये निर्देश

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सोमवार को समय सीमा की बैठक में मुख्यमंत्री जनकल्याण पर्व, राजस्व महाअभियान 3.0 और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की गहन समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें 34 हितग्राही मूलक, 11 लक्ष्य आधारित और 63 अन्य सेवाओं को आम नागरिकों तक सहज रूप से पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के दौरान नगरीय निकायों व ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण तत्परता से करें। शिविर के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड करें। अभी तक प्राप्त आवेदनों में शेष आवेदनों का निराकरण तय समय सीमा में सुनिश्चित करें। नगरीय निकायों के वार्डों व ग्राम पंचायतों में लगाये जाने वाले शिविरों में नोडल अधिकारी अनिवार्य रूप से मौजूद रहें। राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा के दौरान कलेक्टर को अवगत कराया गया कि जिले में बंटवारा, सीमांकन व परंपरागत रास्तों के चिन्हांकन संबंधी कार्य शतप्रतिशत किया जा चुका है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि लंबित राजस्व प्रकरणों का तत्परता से निराकरण किया जावे। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इसी तरह सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाये। विदित है कि नवम्बर माह में जिला ए ग्रेडिंग में रहा है। आयुष्मान कार्ड की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा कलेक्टर ने की। उन्होंने पाया कि जिले में तय लक्ष्यों की तुलना में आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में प्रगति नहीं है। आशा कार्यकर्ता, सुपरवाइजर अपने क्षेत्र में इस पर ध्यान दें। आयुष्मान कार्ड बनाने की दिशा में बेहतर प्रयास करने वाले अमले को सम्मानित करने और असंतोषजनक कार्य करने वालों का वेतन आहरण नहीं करने के निर्देश बैठक में दिये। बैठक में विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर भी चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के सर्वांगीण और समावेशी विकास की दिशा में अग्रसर होने एवं वर्ष 2047 तक विकसित भारत के साथ- साथ मध्यप्रदेश को भी विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से विकसित मध्यप्रदेश @2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, वंचित समुदायों, उद्योगों से जुड़े लोगों और अन्य नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक नगरीय निकाय/ नगर पालिका में जोनवार और ग्राम पंचायतों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किये जायें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में ग्वालियर संभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

गुना मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा सोमवार को भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से ग्वालियर संभाग के प्रगतिरत विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक ली। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा गुना जिले की समीक्षा करते हुए प्रगतिरत विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर से जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि विधायकगण जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों का मास्टर प्लान तैयार करायें। समीक्षा बैठक में आयुक्त ग्वालियर संभाग श्री मनोज खत्री द्वारा प्रेजेन्टेशन के माध्यम से जिलेवार जानकारी दी गई। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह ने प्रस्तावित रिंग रोड के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। विगत दिवस हुई घटना को दृष्टिगत रखते हुये मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए निजी जमीन पर बोरवेल को उचित रूप से कवर करने के लिये निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एनआईसी कक्ष गुना में विधायक श्री पन्नालाल शाक्य सहित कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री संजीव सिन्हा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रथम कौशिक, वनमण्डलाधिकारी श्री अक्षय राठौर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमति जिया फातिमा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विशाल सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अशोकनगर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी द्वारा आज वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से ग्वालियर संभाग के जिलों की प्रगतिरत विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक ली। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी द्वारा अशोकनगर जिले की समीक्षा करते हुए प्रगतिरत विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर से जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर एनआईसी कक्ष अशोकनगर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अजय प्रताप सिंह यादव, चंदेरी विधायक श्री जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली विधायक श्री बृजेन्द्र सिंह यादव, अशोकनगर नगरपालिका अध्यक्ष श्री नीरज मनोरिया,पुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार जैन,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन,अपर कलेक्टर श्री मुकेश कुमार शर्मा एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

इंदौर जिले में वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये चल रहे विशेष अभियान को गति प्रदान की जाएगी.

सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में विभागों को रैंकिंग सुधारने के निर्देश.

कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न.

इन्दौर इंदौर जिले में आगामी दिनों में 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये चल रहे विशेष अभियान को गति प्रदान की जाएगी। अभियान में तेजी लाने के लिये आंगनवाडी कार्यकर्ताओं की सेवाएं भी ली जाएंगी। वे घर-घर जाकर पात्र वरिष्ठ नागरिकों को चिह्नित करेंगी। अभियान में शामिल आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को इसके लिये विशेष प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में अधिकारी अपने-अपने विभाग की रैंकिंग सुधारें। शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का एक माह का वेतन काटे जाने तथा विभागीय जाँच का प्रस्ताव भेजे जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में आज यहां समय-सीमा के पत्रों के निराकरण (टी.एल.) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीइओ श्री दिव्यांक सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर.पी.अहिरवार, अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति शर्मा, श्री राजेन्द्र रघुवंशी तथा श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने समय-सीमा के पत्रों, सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण

शिविर योजनावार प्रगति की विभागवार समीक्षा की। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में निराकरण में अधिकारी अपने-अपने विभागों की रैंकिंग में सुधार किये जाने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिये कि प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को अनिवार्य रूप से देखें तथा प्राप्त आवेदनों को संतुष्टि के साथ सकारात्मक तरीके से निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें।

दिल्ली मेट्रो यात्री ध्यान दें!

31 दिसंबर को राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के लिए विशेष नियम लागू, यहां जानें सभी महत्वपूर्ण बातें

नेशनल डेस्क. दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने नए साल की पूर्व संध्या यानी 31 दिसंबर 2023 के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए, 31 दिसंबर को रात 9 बजे के बाद दिल्ली मेट्रो के सबसे व्यस्त राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस फैसले का उद्देश्य सार्वजनिक सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना है, खासकर तब जब दिल्ली में नए साल का जश्न चरम पर होता है।

क्या है नया नियम?

DMRC के मुताबिक, 31 दिसंबर को रात 9 बजे के बाद राजीव चौक मेट्रो स्टेशन से यात्रियों को बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। यह निर्णय पुलिस अधिकारियों के साथ की गई चर्चा के बाद लिया गया है, ताकि स्टेशन के आस-पास की भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। हालांकि, इस दौरान यात्रियों को स्टेशन में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी और वे अपनी यात्रा जारी रख सकेंगे, लेकिन उन्हें स्टेशन से बाहर निकलने की अनुमति रात 9 बजे के बाद नहीं मिलेगी। इस फैसले के बाद, यात्रियों से अपील की गई है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बना लें और समय पर स्टेशन पर पहुंचे। इसके अलावा, यात्री यह सुनिश्चित करें कि वे अंतिम ट्रेन की समयसीमा तक राजीव चौक स्टेशन से बाहर नहीं जाएं।

राजीव चौक पर ई-टिकट व्यवस्था में भी बदलाव

DMRC ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक और महत्वपूर्ण सूचना दी है। 31 दिसंबर को रात 8 बजे से, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन के लिए मोबाइल ऐप (जैसे डीएमआरसी ऐप) के माध्यम से QR कोड टिकट जारी नहीं किए जाएंगे। यानी यदि आप 31 दिसंबर को रात 8 बजे के बाद राजीव चौक स्टेशन से यात्रा करने की योजना बना रहे हैं, तो आपको क्त्र कोड टिकट नहीं मिलेगा। इसका मुख्य कारण यह है कि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और लोग सुरक्षित तरीके से मेट्रो की सेवाओं का उपयोग कर सकें। हालांकि, डीएमआरसी ने यह भी स्पष्ट किया है कि अन्य मेट्रो स्टेशनों और नेटवर्क पर मेट्रो सेवाएं सामान्य शेड्यूल के अनुसार चलती रहेंगी। सिर्फ राजीव चौक पर यह विशेष सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे।

QR टिकट की न मिलने की वजह

यह बदलाव भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए किए गए हैं। खासकर ऐसे दिन जब सार्वजनिक स्थानों पर भीड़ अधिक होती है, तब विभिन्न सुरक्षा उपायों को लागू करना आवश्यक होता है। रात 8 बजे के बाद QR टिकट जारी न किए जाने का कारण यह है कि बड़ी संख्या में लोग राजीव चौक स्टेशन पर इकट्ठा हो सकते हैं, और इसके परिणामस्वरूप स्टेशन पर अत्यधिक भीड़ जमा हो सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए, अधिकारियों ने इस व्यवस्था को लागू करने का निर्णय लिया है। हालांकि राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर विशेष नियम लागू होंगे, दिल्ली मेट्रो के अन्य सभी स्टेशनों पर सेवाएं नियमित शेड्यूल के अनुसार चलेंगी। यानी, अन्य प्रमुख मेट्रो स्टेशन जैसे कुतुब मीनार, कनॉट प्लेस, साकेत, दिल्ली हाट, आदि पर मेट्रो सेवाएं सामान्य तरीके से उपलब्ध रहेंगी।

इसके बावजूद, यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने यात्रा की योजना बनाते समय इन बदलावों को ध्यान में रखें और समय रहते यात्रा करें। डीएमआरसी के प्रमुख कार्यकारी निदेशक, अनुज दयाल ने ट्वीट करके इस नए नियम की जानकारी दी और कहा, यह कदम पुलिस की सलाह के आधार पर लिया गया है, ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और कोई अप्रिय घटना न हो।

दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

इंटरनेशनल डेस्क। दक्षिण कोरिया की अदालत ने निलंबित राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। यून पर महाभियोग लगाया गया है और यह फैसला उनके खिलाफ चल रहे विवाद के बीच आया है।

पुलिस कार्रवाई पर संशय

हालांकि गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका है लेकिन यह साफ नहीं है कि पुलिस इसे लागू कर पाएगी या नहीं। इससे पहले राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा ने तीन तलाशी वारंटों को लागू करने से इनकार कर दिया था।

राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा की ओर से इस मामले में सहयोग न करने की संभावना के चलते पुलिस कार्रवाई पर संशय बना हुआ है। यह मामला दक्षिण कोरियाई राजनीति में बड़े विवाद का कारण बन सकता है।

क्या है मामला?

महाभियोग के बाद से यून सुक येओल निलंबित चल रहे हैं। अब गिरफ्तारी वारंट के बाद उनकी स्थिति और गंभीर हो गई है। आने वाले दिनों में पुलिस और सुरक्षा सेवा का रवैया इस मुद्दे को और स्पष्ट करेगा।

मार्शल लॉ और विद्रोह के आरोप

सोमवार को जांचकर्ताओं ने यून सुक येओल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट की मांग की थी जिन पर इस महीने के अल्पकालिक मार्शल लॉ लागू करने का आरोप है। यून पर विद्रोह के संभावित आरोप भी लगाए गए हैं और उन्हें अब आपराधिक जांच का सामना करना पड़ रहा है।

यह मामला दक्षिण कोरिया में राजनीतिक उथल-पुथल का कारण बन चुका है और इसकी जांच के नतीजे देश की राजनीति को प्रभावित कर सकते हैं।

इथियोपिया में भयानक हादसा, नदी में गिरा ट्रक 71 लोगों की मौत...मंजर देख कांप गए लोग

इंटरनेशनल डेस्क: दक्षिणी इथियोपिया में यात्रियों से भरे एक ट्रक के नदी में गिर जाने से कम से कम 71 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी। अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार, क्षेत्रीय संचार ब्यूरो ने रविवार देर रात एक बयान में कहा कि ट्रक इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा से लगभग 300 किलोमीटर दक्षिण में सिदामा राज्य में नदी में गिर गया। एक फेसबुक पोस्ट में, सिदामा पुलिस आयोग यातायात रोकथाम एवं नियंत्रण निदेशालय ने मुख्य निरीक्षक डैनियल संकुरा के हवाले से कहा कि दुर्घटना में अब तक 68 पुरुषों और तीन महिलाओं की मौत हो चुकी है। रविवार देर रात अपने बयान में क्षेत्रीय संचार ब्यूरो ने मरने वालों की संख्या 60 बताई थी, साथ ही यह भी कहा था कि जीवित बचे लोगों का इलाज बोना जनरल अस्पताल में चल रहा है। स्वास्थ्य ब्यूरो ने दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और कहा कि वह बाद में अधिक जानकारी साझा करेगा। पुलिस आयोग ने कहा कि घटना स्थानीय समयानुसार रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे (2000 जीएमटी) की है।

इथियोपिया

इथियोपिया पूर्वी अफ्रीका में एक लैंडलॉक देश है। यह अफ्रीका का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है। इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा है। देश में किसानों के लिए कई उद्योग भी हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों से राजनीतिक अस्थिरता और जातीय संघर्षों ने यहां विकास को प्रभावित किया है। 2018 से इथियोपिया में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन क्षेत्रीय संघर्ष और मानवीय संकटों ने विकास में बाधा डाली है।

पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच जंग के हालात !

तालिबान की खुली धमकी- सुधर जाओ वर्ना आंखें निकाल लेंगे !

इंटरनेशनल डेस्क। तालिबान के उप विदेश मंत्री शेर मोहम्मद अब्बास ने पाकिस्तान को खुली धमकी देते हुए कहा है, जो भी हमारी धरती को बुरी नीयत से देखेगा, हम उसकी आंखें निकाल लेंगे। यह धमकी तब आई है जब पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव गहरा गया है और दोनों देशों की सेनाएं सीमा पर एक-दूसरे के खिलाफ युद्ध जैसी स्थिति में हैं। पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान पर की गई एयरस्ट्राइक के बाद तालिबान ने पाकिस्तान को आक्रामक तरीके से जवाब दिया है। शेर मोहम्मद अब्बास ने अपनी पोस्ट में कहा कि दक्षिण और उत्तर के पड़ोसी देशों के आतंकवादी समूह जो अफगानिस्तान में प्रॉक्सी वॉर शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें कड़ा दमन किया जाएगा। तालिबान ने पाकिस्तान को खुले तौर पर धमकी दी है कि पाकिस्तान सुधर जाए और उसके साथ लगे इलाकों में और सीमाओं के पार किसी भी आक्रामकता या बुरी नीयत के प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगा।

तालिबान के हमलों की ताजा लहर पाकिस्तान के खिलाफ है, जहां पाकिस्तानी सेना की कई चौकियों पर हमले किए गए हैं। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि तालिबानी सेनाओं ने पाकिस्तान के उन स्थानों को निशाना बनाया, जो अफगानिस्तान पर हमले की योजना बनाने और उन हमलों को अंजाम देने के लिए आतंकवादियों के ठिकाने बने हुए थे। इन हमलों में पाकिस्तानी सेना के 19 सैनिक मारे गए और कई चौकियां छोड़कर भाग गईं। हालांकि, तालिबान ने हमलों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है, और यह भी स्पष्ट नहीं है कि ये हमले कैसे किए गए थे। तालिबान का यह आक्रामक रुख पाकिस्तान के खिलाफ इसलिए और बढ़ा है क्योंकि पाकिस्तान लगातार अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता को जिम्मेदार ठहरा रहा है। पाकिस्तान का आरोप है कि तालिबान के शासन के बाद से पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में बढ़ोतरी हुई है, खासकर पाकिस्तान के अंदर आतंकवादी समूह टीटीपी (तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान) को मजबूती मिली है।

पाकिस्तान ने इसी संदर्भ में अफगानिस्तान के पक्तिका प्रांत में एक तालिबान प्रशिक्षण केंद्र पर हवाई हमले किए थे, जिसके परिणामस्वरूप कई नागरिकों की मौत हो गई, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थ ।

पाकिस्तान की इस कार्रवाई के बाद तालिबान ने पाकिस्तान पर पलटवार किया और यह साफ कर दिया कि अगर पाकिस्तान ने अपनी नीतियों को नहीं बदला तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति को लेकर आशंका जताई जा रही है कि यह तनाव एक बड़ी सैन्य टकराव की ओर बढ़ सकता है। दोनों देशों के बीच 2640 किलोमीटर लंबी डूरंड रेखा पर दोनों सेनाओं के बीच झड़पों के बाद स्थिति और भी तनावपूर्ण हो गई है। तालिबान ने पाकिस्तान को चेतावनी दी है कि अफगान धरती पर आक्रमण की कोशिश करने वाले को कड़ा जवाब मिलेगा और वह पाकिस्तान को अपनी हरकतों के लिए जवाबदेह ठहराएगा। यह एक ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देशों के रिश्ते काफी खराब हो चुके हैं और किसी भी समय एक बड़े युद्ध की स्थिति बन सकती है।

ब्रिटेन में लापता 22 वर्षीया भारतीय छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

इंटरनेशनल डेस्क। इस महीने की शुरुआत से लापता 22 वर्षीय भारतीय छात्रा का शव स्कॉटलैंड की एक नदी में मिला है। उसके परिवार को सूचित कर दिया गया है, और औपचारिक पहचान की प्रतीक्षा की जा रही है। केरल की संत्रा साजू स्कॉटलैंड की राजधानी एडिनबर्ग में हेरियट-वाट यूनिवर्सिटी में पढ़ती थीं। 'पुलिस स्कॉटलैंड ने सप्ताहांत में एक बयान में कहा कि उन्हें एडिनबर्ग के निकट न्यूब्रिज नामक गांव के पास नदी में एक शव के बारे में पता चला। 'स्कॉटलैंड पुलिस ने कहा, ''शुक्रवार 27 दिसंबर, 2024 को पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर पुलिस को न्यूब्रिज के पास नदी में एक शव का पता चला।

पुलिस ने बताया, ''अभी शव की औपचारिक पहचान होनी बाकी है, हालांकि संत्रा साजू (22) के परिवार को सूचित कर दिया गया है। साजू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इनकार किया गया है। बयान में कहा गया है कि स्कॉटलैंड की अभियोजन सेवा 'प्रोक्यूरेटर फिस्कल (स्कॉटलैंड में सरकारी वकील) और मृत्यु अन्वेषण संस्था को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

सीसीटीवी फुटेज से मिली जानकारी के अनुसार, साजू को आखिरी बार छह दिसंबर की शाम को लिविंगस्टन के अल्मोंडवेल में असदा सुपरमार्केट स्टोर में देखा गया था। साजू के लापता होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने तुरंत गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की और लोगों से साजू के बारे में कोई भी जानकारी होने पर पुलिस को सूचित करने की अपील की। साजू के मित्रों और परिवार ने कहा था कि उसका गायब होना उसके स्वभाव के विपरीत है और वे उसकी सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित हैं।

नेपाल की राजनीति में उथल-पुथल भरा रहा साल 2024

इंटरनेशनल डेस्क। 2024 में नेपाल की राजनीति में उथल-पुथल का दौर जारी रहा, जिसमें गठबंधन की स्थिति बार-बार बदलती रही और एक चीन समर्थक सरकार सत्ता में आई, जिस पर भारत ने सतर्क नजर रखी। के. पी. शर्मा ओली (72) चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री बने और राजनीतिक स्थिरता लाने की चुनौती का सामना किया। जुलाई में 69 वर्षीय पुष्प कमल दहल %प्रचंड% ने विश्वास मत खो दिया, जब ओली की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत-मार्क्सवादी) ने शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया। इसके बाद एक नया सत्ता-साझाकरण समझौता हुआ, जिसके तहत ओली 20 महीने बाद देउबा को सत्ता सौंपने वाले थे।वर्ष की शुरुआत जनवरी में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर की नेपाल यात्रा से हुई और वर्ष के अंत में नेपाल के विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा भारत दौरे पर गए। राणा ने अगस्त में भी भारत का दौरा किया था, जिसके बाद भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री नेपाल पहुंचे और व्यापार, पर्यटन, संपर्क, जल संसाधन, ऊर्जा, आपदा प्रबंधन, कृषि और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। जयशंकर ने अपनी यात्रा के दौरान नेपाल में भूकंप प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के लिए 10 अरब रुपये (करीब 7.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर) की अनुदान राशि देने की घोषणा की। भारत ने नेपाल के दूरदराज क्षेत्रों में उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजना (एचआईसीडीपी) के तहत स्वास्थ्य और शिक्षा के बुनियादी ढांचा निर्माण को वित्तपोषित किया। हिमालय से निकलने वाली कई नदियों से संपन्न नेपाल ने भारत के साथ अगले 10 वर्षों में 10,000 मेगावाट बिजली निर्यात करने के लिए समझौता किया। अक्टूबर में नेपाल, भारत और बांग्लादेश ने भारतीय पारेषण लाइनों के जरिए बांग्लादेश को बिजली निर्यात करने के लिए त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही नेपाल ने विवादास्पद मानचित्र में लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी को अपनी सीमा में दिखाने की घोषणा की, जिसे भारत ने 'अस्वीकार्य' करार दिया। रोचक बात यह है कि नए नोटों की छपाई का ठेका एक चीनी कंपनी को दिया गया है। नेपाल और चीन ने मई में अपने पारंपरिक सीमा व्यापार केंद्रों को पुन: खोल दिया था। यह कदम तत्कालीन उपप्रधानमंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ द्वारा तिब्बत यात्रा के दौरान चीन से अनुरोध करने के बाद उठाया गया। ओली ने इस बात पर जोर दिया कि नेपाल दोनों देशों, भारत और चीन, के साथ संतुलित तरीके से दोस्ताना संबंध बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि पड़ोसियों के बीच समस्याएं स्वाभाविक होती हैं और इनका समाधान खुली बातचीत से संभव है। प्रधानमंत्री बनने के बाद ओली ने भारत जाने की परंपरा को तोड़ते हुए दिसंबर में चीन की यात्रा की। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने नेपाल को 50 करोड़ चीनी मुद्रा (युआन) का अनुदान देने की घोषणा की और रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने का वादा किया। नेपाल और चीन ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (क्त्रक्क्ष्) समेत 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। नेपाल 2017 से चीन के बीआरआई का हिस्सा है, हालांकि अभी तक कोई परियोजना लागू नहीं हुई है। भारत इस पहल को लेकर चिंतित है क्योंकि इसे चीन के वैश्विक प्रभाव को बढ़ाने का एक माध्यम माना जाता है। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में भगवान राम के बाल स्वरूप के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव नेपाल के जनकपुर में भी मनाया गया, जिसे देवी सीता का जन्मस्थान माना जाता है। वर्ष के दौरान नेपाल भी अपनी प्रमुख हिमालयी समस्याओं - बाढ़ और भूकंप - से अछूता नहीं रहा। एवरेस्ट पर्वत ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया, जब 291 विदेशी और 473 नेपाली शेरपाओं समेत 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे। नेपाल के पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने मई में 30वीं बार एवरेस्ट की चोटी पर चढ़कर इतिहास रचा। पूर्णिमा श्रेष्ठ एक ही चढ़ाई के मौसम में तीन बार एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली व्यक्ति बनीं, जबकि फुंजो लामा ने 14 घंटे 31 मिनट में इसे फतह कर सबसे तेज पर्वतारोही का रिकॉर्ड बनाया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569